लोकसभा चुनाव 2024
पांचवा चरण

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

## उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान

# राजनाथ, राहुल, स्मृति ईरानी के भाग्य का फैसला आज



### 1 बजे तक 39.55 प्रतिशत हुआ मतदान

| | |
|---|---|
| अमेठी सीट पर 38.31 % | फैजाबाद सीट पर 40.77 % |
| कैसरगंज सीट पर 38.50 % | बांदा सीट पर 40.20 % |
| कौशांबी सीट पर 36.25 % | बाराबंकी सीट पर 44.77 % |
| गोंडा सीट पर 36.67 % | मोहनलालगंज सीट पर 41.43 % |
| जालौन सीट पर 39.50 % | रायबरेली सीट पर 39.69 % |
| झांसी सीट पर 43.61 % | लखनऊ सीट पर 33.50 % |
| फतेहपुर सीट पर 39.85 % | हमीरपुर सीट पर 40.71 % |

**लखनऊ ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में आज उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। उत्तर प्रदेश में हो रहे पांचवें चरण के इस मतदान में केंद्र सरकार के पांच मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हैं। उनके अलावा हॉट सीट अमेठी से स्मृति इरानी, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति और भानु प्रताप वर्मा के भाग्य का फैसला भी मतदाताओं को आज करना है। वहीं रायबरेली पर सबकी निगाहें इसलिए लगी हुई हैं, क्योंकि यहां से इस बार राहुल गांधी मैदान में उतरे हैं। पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए उत्तर प्रदेश में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण के लिए हो रहे लोकसभा चुनाव में कुल 28688 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली सीट पर दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद है। इस सीट पर कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

### राजनाथ सिंह ने लखनऊ में डाला वोट



देश के रक्षामंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने लखनऊ के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। लखनऊ में अपना वोट डालने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सभी मतदाताओं से अपील करना चाहता हूं कि वो मतदान निश्चित रूप से करें, एनडीए का संकल्प 400 पार का है। यूपी के मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार स्वतंत्र देव सिंह ने अपना वोट डाला। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी अपना वोट डाला।

### डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी डाला वोट



*उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने अपनी पत्नी के साथ लखनऊ में वोट डाला। वोट डालने के बाद डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि मैं सभी से अपील करूंगा कि वो अपना वोट दें और अधिक से अधिक वोट देकर अपने जनप्रतिनिधियों का चुनाव करें। पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है।'*

### वोट जरूर डालें : मायावती



लखनऊ में वोट डालने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा मैंने मतदान कर दिया है...मैं सभी मतदाताओं से अपील करती हूं कि मतदान जरूर करें। मैं सभी राजनीतिक दलों से कहना चाहती हूं कि उनको जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए।



अयोध्या में एक बुजुर्ग वोटर ने व्हीलचेयर से आकर वोट डाला

### नोएडा के विधायक ने डाला वोट



नोएडा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक और उप्र भाजपा के उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने लखनऊ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद विधायक पंकज सिंह ने कहा कि मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे रिकॉर्ड संख्या में मतदान करें। जितना अधिक मतदान होगा, उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा। अपने युवा वोटर्स और नारीशक्ति से मेरा आग्रह है कि वोट डालने के लिए वे बढ़-चढ़कर आगे आएं। आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें।

# हीट वेव के चलते जूनियर स्कूलों में अवकाश घोषित

- **17 मई का आदेश स्कूलों में 19 की रात भेजा गया आज छात्र हुए परेशान**



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बढ़ती प्रचंड गर्मी तथा आसमान से बरसते अंगारे के मददेनजर जिला प्रशासन ने स्कूलों में जूनियर छात्रों की आज से छुटटी घोषित कर दी है। यह छुटटी प्रशासन के अगले आदेश तक जारी रहेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष वर्मा के निर्देश के तहत समस्त बोर्ड मसलन सीबीएसई/आईसीएसई/आई.बी/यू पी बोर्ड व अन्य **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# रोडरेज में बाइक सवार तीन छात्रों को कार ने रौंदा, एक की मौत

## गुस्साए छात्रों ने लगाया जाम, परिजनों का आरोप की गई है हत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-167 स्थित मोहियापुर गांव में रोडरेज में एक स्विफट कार चालक ने बाइक पर जा रहे सरकारी स्कूल के तीन छात्रों को कार से कुचल दिया। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गयी है। जबकि दो छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

छात्र की मौत से गुस्साए सरकारी स्कूल के छात्रों ने सेक्टर-167 में जाम लगा दिया। वहीं छात्र के परिजन शव को रोड पर रखकर ही हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की कार सवार ने हत्या की है।







घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंच गए हैं।

डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-167 में स्कूल जा रहे बाइक सवार तीन छात्रों को रोडरेज के विवाद में एक स्विफट **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

### कॉलेज के गेट पर युवक ने लगाई फांसी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र में स्थित शोभाराम इंटर कॉलेज के पीछे वाले गेट पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना दादरी से मिली जानकारी के मुताबिक पीआरबी को सूचना मिली शोभाराम इंटर कॉलेज के पीछे गेट पर शव लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट पर फांसी पर लटके युवक के शव को उतारा। युवक की पहचान रोहित गुप्ता पुत्र नन्दु गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी विशाल मंदिर के सामने सूरज बिहार कालोनी ग्राम गढ़ी दादरी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

### ईस्टर्न पेरिफेरल पर मिला शव



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल व दादरी बाईपास के बीच नाले में एक पुरूष का शव मिला है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल व दादरी बाईपास के बीच बढपुरा नाले में एक 45 वर्षीय पुरूष का शव मिला है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# मकान के तीसरे फ्लोर पर लगी आग, सामान जलकर खाक



**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र के गीतांजलि बिहार में मध्य रात्रि एक मकान में तीसरे तल पर आग लग गई। संकरी गली होने के कारण अग्निशमन कर्मी गाड़ी लेकर नहीं पहुंच सके। नगर पालिका के टैंकर और कोतवाली घंटाघर फायर स्टेशन से मंगाई गई छोटी गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

### ट्रांसफार्मर और कार में लगी आग

रविवार देर रात शहर में तीन स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के मुताबिक मोरटा में रात करीब एक बजे ट्रांसफार्मर में आग की सूचना मिलने पर दमकल विभाग ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। नया गाजियाबाद आरओबी के पास रात करीब 12 बजे ट्रांसफार्मर में आग लगी। नेहरू नगर में वसंत रोड पर घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट कार में आग लग गयी थी।

# उप्र में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति : तोमर

## गरीबों का भी इलाज सेवाभाव से करें अस्पताल : नवाब सिंह नागर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ-साथ मौजूदा व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी तथा अत्याधुनिक बनाये जाने के लगातार प्रयास चल रहे हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश के हर वर्ग को चिकित्सा का लाभ मिले। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**






# भूमिगत जल का उपयोग न करने वाला प्रदेश का पहला शहर बनेगा नोएडा!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इसी वर्ष सितंबर माह तक नोएडा प्रदेश का पहला शहर होगा जहां भूमिगत जल का प्रयोग नहीं होगा। रैनीवेल तथा गंगाजल के जरिए समूचे शहर व गांवों में जलापूर्ति की जाएगी। सभी बोरवेल बंद कर दिए जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आर.पी. सिंह ने बताया कि बंद पड़े 6 रैनीवेल को शुरू किया जा रहा है। रैनीवेल संख्या 4 व 6 पर काम भी पूरा हो गया है।



नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

वर्तमान में चार रेनीवेल पर काम पूरा हो गया है। इसमें रेनीवेल संख्या 1,2,3,5 है। इनको जून तक शुरू कर दिया जाएगा।

सितंबर तक सभी 11 रैनीवेल काम शुरू कर देंगे एक रैनीवेल से 15 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है। ये पानी यमुना के जरिए आता है। इसका टीडीएस स्तर काफी कम यानी 300 के आसपास होता है। जबकि भूमिगत पानी जिसे बोरवेल के जरिए निकाला जाता है उसका टीडीएस करीब 1200 होता है। इसलिए उसमें गंगाजल मिलाकर सप्लाई किया जाता है। ऐसे में हमे सितंबर तक करीब 175 एमएलडी पानी लो टीडीएस का मिलेगा। जिसे गंगाजल के साथ **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# मेट्रो स्टेशन पर केजरीवाल के खिलाफ लिखे धमकी भरे स्लोगन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी के नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली मेट्रो के दो स्टेशनों पर स्लोगन लिखे गए हैं। इसकी जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली मेट्रो के दो स्टेशनों पर स्लोगन लिखे जाने के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री कार्यालय, भाजपा और प्रधानमंत्री पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हत्या करने की साजिश का आरोप लगाया है।

राज्यसभा संजय सिंह ने कहा कि राजीव चौक, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर लिखित संदेश में अरविंद केजरीवाल को धमकी दी गई है। यदि अरविंद केजरीवाल को कुछ होता है तो इसके लिए पीएम, पीएमओ और भाजपा जिम्मेदार होगी। आम आदमी पार्टी के सभी विधायक, मंत्री **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## मारपीट का अड्डा

यह मुख्यमंत्री आवास है या मारपीट, गुंडई का कोई अड्डा..! कुछ अंतराल पहले, मुख्यमंत्री आवास में ही, तत्कालीन मुख्य सचिव के साथ हाथापाई की गई थी। खबरें तो मारपीट की भी आई थीं। मामला अदालत तक पहुंचा। अंततः क्या हुआ, कोई जानकारी नहीं। समय गुजरा, तो उस घटना पर धूल की परतें जम गईं। आखिर आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर और मुख्यमंत्री केजरीवाल के जीवन में क्या घट रहा है कि हालात सुलगते महसूस होते हैं। कोई विधायक अपनी पत्नी पर ही कुत्ता छोड़ देता है! कोई मंत्री राशन कार्ड बनवाने आई महिला के साथ बलात्कार करता है! शराब घोटाले में तो खुद केजरीवाल संलिप्त बताए गए हैं। 'आप' एक बड़े खोल में बेहद विस्फोटक पार्टी लगती है। ताजातरीन मामला पार्टी की ही राज्यसभा सांसद तथा 9 साल तक दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल का है, जिनकी मुख्यमंत्री आवास में ही, पिटाई की गई। जाहिर है कि एक महिला के साथ बदसलूकी की गई, हिंसक व्यवहार भी किया गया, लिहाजा यह आपराधिक हरकत से कम नहीं है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 4 घंटे से अधिक समय तक संवाद करने के दौरान स्वाति मालीवाल ने खुलासा किया है कि मुख्यमंत्री के निजी स्टाफ ने उन्हें 5-6 थप्पड़ मारे। शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी, छाती और पेट पर मुक्के मारे गए। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल उस दौरान घर के भीतर ही मौजूद थे। यदि मुख्यमंत्री आवास में महिला सांसद पर ऐसा हिंसक आक्रमण किया गया है, तो वह सिर्फ निजी सहायक की औकात नहीं हो सकती। क्या स्वाति पर हमला जानबूझ कर कराया गया? क्या मुख्यमंत्री अपने ही सांसद से मुलाकात नहीं करना चाहते थे? क्या केजरीवाल चाहते हैं कि स्वाति सांसदी छोड़ दें, ताकि अभिषेक मनु सिंघवी को सांसदी देकर 'उपकृत' किया जा सके? यदि मुद्दा यही है, तो स्वाति पर हिंसक व्यवहार करने की जरूरत क्या थी? सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय पक्ष यह है कि जिस महिला साथी की मुख्यमंत्री के घर के भीतर तक पहुंच रही है, एनजीओ 'परिवर्तन' के दौर से साथ-साथ काम करते रहे हों और जनवरी, 2024 में ही जिसे राज्यसभा सांसद चुना गया हो, ऐसे साथी पर ऐसा हिंसक आक्रमण करना वाकई हैरान करता है, चौंकाता भी है। स्वाति मालीवाल के बयानों और अढाई पन्नों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। धाराओं 354, 506, 509 और 323 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्वाति का एम्स दिल्ली में मेडिकल भी कराया है। उधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मुख्यमंत्री के निजी सहायक विभव कुमार को तलब किया है। खुद 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी इसे विभव कुमार की 'बदसलूकी' करार दिया है। क्या पुलिस विभव को गिरफ्तार करेगी? सवाल यह है कि मुख्यमंत्री आवास में ही ऐसी हिंसक गुंडई क्यों की गई? ऐसी नौबत ही क्यों आई? दरअसल स्वाति मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलने उनके सरकारी आवास गई थीं। जेल से बाहर आने के बाद वह मिल नहीं सकी थी। मुख्यमंत्री आवास के गेट पर सुरक्षा व्यवस्था ने उन्हें रोका था, क्योंकि मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात का अधिकृत समय तय नहीं था। फिर भी स्वाति घर के अंदर चली गई और ड्राइंग रूम में जाकर बैठ गई। यह सोमवार 13 मई की बात है। उसके 81 घंटों तक स्वाति खामोश रही। '112' नंबर पर फोन करके उन्होंने हिंसक हमले की जानकारी पुलिस को दी थी, लेकिन उसके बाद सभी पक्ष सोचते ही रहे। मुख्यमंत्री केजरीवाल लखनऊ गए, तो विभव को साथ ले गए। वहां पत्रकारों ने बार-बार सवाल पूछे, तो वह माइक को अखिलेश यादव या संजय सिंह की ओर सरकाते रहे। एक शब्द तक नहीं बोले। पुलिस को शिकायतनामा देने के बाद स्वाति ने 'एक्स' पर लिखा है-मेरे साथ जो हुआ है, वह बहुत बुरा था। मैंने बयान दर्ज करा दिया है। आशा है कि उचित कार्रवाई होगी। भाजपा से भी गुजारिश है कि वह इस मुद्दे पर राजनीति न करे।'' बहरहाल यह कांड भी केजरीवाल पर भारी पड़ सकता है। अभी वह एक जून तक ही जमानत पर हैं। उसके बाद फिर जेल जाना ही पड़ेगा। यह आम चुनाव का दौर है। उसके दौरान ऐसे हिंसक कांडों से बचा जाना चाहिए था।

# यादगार होगी स्मृति ईरानी की जीत!

कभी कांग्रेस की खानदानी सीट मानी जाने वाली अमेठी से 2019 में पहले भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हारना और अब 2024 में राहुल गांधी का पलायन करना निःसंदेह यह बताने को काफी है कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी से टक्कर लेने का साहस नहीं दिखा सके। अलवक्त्ता कांग्रेस ने राहुल गांधी की बजाय अर्से तक गांधी परिवार के अमेठी, रायबरेली में चुनाव प्रबन्धक एवं वफादार सिपहसालार रहे किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर प्रत्यक्षत यह जताने की कोशिश की हैं कि गांधी परिवार अमेठी से अपने पुराने रिश्ते को बरकरार रखना चाहता है।



कांग्रेस के रणनीतिकारों को उम्मीद थी कि चूंकि राहुल गांधी पड़ोस की गांधी परिवार की खानदानी सीट रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं सो किशोरी लाल शर्मा को इसका लाभ मिलना तय है। यही नहीं चूंकि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत रायबरेली व अमेठी सीट कांग्रेस के खाते में गई अतएवं दोनो ही सीटों पर गठबंधन की प्रमुख भागीदार सपा के वोटों का लाभ मिलना तय है।

कांग्रेस के रणनीतिकार भले ही अपनी रणनीति से संतुष्ट हो। भले ही गांधी परिवार अपनी साख बचाने की कोई भी दलील दे पर सच्चाई यही है कि राहुल गांधी ने अमेठी सीट से चुनाव लड़ना कतई उचित नहीं समझा। उन्हें परिवार की 2019 में अपनी हारी खानदानी सीट अमेठी से मम्मी श्रीमती सोनिया गांधी की जीती रायबरेली कहीं ज्यादा सुरक्षित लगी।

जहां तक अमेठी सीट पर स्मृति ईरानी के मुकाबले में किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारने की बात है तो उनके उतारने से अमेठी में न तो कोई उत्साह की लहर है न तो उन्हे अमेठी हाथोहाथ लेने को तैयार है। समर्पित कांग्रेसजनों और पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के अलावा न तो कोई बड़ा कांग्रेसी नेता उनके पक्ष में दिखाई दे रहा है और न ही उन्हे गांधी परिवार से कोई विशेष तरजीह दी जा रही है। यदि ऐसा न होता तो श्री शर्मा के नामांकन के मौके पर प्रियंका गांधी अवश्य मौजूद रहती। जबकि वह पड़ोस में यानी रायबरेली में अपने भाई राहुल के नामांकन के अवसर पर जोश-ओ-खरोश के साथ उपस्थित थी। यह मान लिया जाये कि भाई के नाते प्रियंका की प्राथमिकता राहुल गांधी थे तो भी प्रियका के रॉबर्ट वाड्रा तो उपस्थित रह ही सकते थे।

जहां तक इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा व अन्य के कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन मिलने का सवाल है, हालात बता रहे हैं कि सपा समर्थक खासकर यादव समाज के लोगों का रूझान कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में भाजपा प्रत्याशी की ओर कहीं ज्यादा है।

जिस तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, स्मृति ईरानी के जुलूस से लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर उपस्थित रहे और उन्होने पड़ोस के सुल्तानपुर में अपनी सुसराल बताकर अपने को यहां का दामाद बताकर अपना हक जताया। उससे भी यादव विरादरी का अधिकाधिक वोट श्रीमती ईरानी को मिलना ही मिलना है।

> कांग्रेस के रणनीतिकार भले ही अपनी रणनीति से संतुष्ट हो। भले ही गांधी परिवार अपनी साख बचाने की कोई भी दलील दे पर सच्चाई यही है कि राहुल गांधी ने अमेठी सीट से चुनाव लड़ना कतई उचित नहीं समझा

यहां यह भी कम गौरतलब नहीं है कि अमेठी के जिन दो सीटों पर सपा विधायकों का कब्जा है उनमें से एक गौरीगंज के सपा विधायक सपा से लगभग प्रत्यक्ष भी न भी सही अप्रत्यक्ष रूप से नाता तोड़ चुके हैं। उनका पूरा परिवार हाल ही में भाजपा में शामिल हो चुका है।

ज्ञात रहे सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह गौरीगंज सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीतकर एक रिकार्ड बना चुके हैं। उनका इस सीट के मतदाताओं पर काफी अच्छा प्रभाव माना जाता है। ऐसे में उनके समर्थकों का अधिकाधिक वोट कांग्रेस के श्री शर्मा की बजाय भाजपा की श्रीमती ईरानी को मिलना तय माना जा रहा है।

सपा की दूसरी विधान सभा सीट अमेठी पर भी ऐसा ही नजारा दिखने को मिल रहा है। यहां से सपा विधायिका महाराजी देवी का बेटा और बेटी सहित पूरा कुनबा ही श्रीमती ईरानी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने में जुटा हुआ है। ज्ञातव्य है महाराजी देवी के पति गायत्री प्रजापति भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते एक अर्से से जेल में बंद है और उन्हे लगता है कि भाजपा की शरण में जाने से उनके पति व परिवार को राहत मिल सकती है।

महाराजी देवी प्रजापति ओबीसी से आती हैं और उनकी बिरादरी कुम्हारों के अलावा उनके खास समर्थक मानी जाने वाली जातियों मौर्य, नाई आदि का भी भरपूर समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को मिलना तय माना जा रहा है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि यहां पर यह भी कम काबिलेगौर नहीं है कि जब 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को सपा-बसपा गठबंधन का पूरा समर्थन प्राप्त था तब भी भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को ओबीसी के 70 फीसदी मतदाताओं का समर्थन हासिल हुआ था और कुर्मी तथा कौरी जाति का तो 80 फ ीसदी से अधिक समर्थन मिला था।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक और महत्वपूर्ण बात यह बतायी जा रही है और वो है बसपा का सपा से अलग होकर स्वतंत्र चुनाव लड़ना। समझा जा रहा है कि ओबीसी जाति के रवि प्रकाश मौर्य भाजपा व कांग्रेस दोनों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि यह तथ्य भी सामने आ रहा है कि बसपा के चलते मुस्लिम व दलित वोटों में बंटवारा तय है। जिसका खामियाजा कांग्रेस को ही भुगतना पड़ेगा।

राम मंदिर बनने के बाद से दलित परिवारों का ज्यादा से ज्यादा समर्थन भाजपा को मिलना सुनिश्चित है। जहां तक मुस्लिम मतों का सवाल है कुछ हद तक मुस्लिम महिलाओं का वोट भी भाजपा प्रत्याशी के खाते में जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्मृति ईरानी के समर्थन में अब तक दो-दो बार रैलिया करने से उदासीन मतदाताओं में जोश देखने को मिल रहा है। उपरोक्त तमाम तथ्यों, हालातों के अलावा स्मृति ईरानी का अमेठी के लोगों के बीच रहकर उनके सुख दुख में शामिल होना और क्षेत्र के उतरोत्तर विकास के लिये हर संभव प्रयास करना उनकी जीत को और पुख्ता बनाता है।

अब तो यहां तक दावे किये जाने लगे हैं कि इस बार भाजपा प्रत्याशी स्मृति कम से कम दो लाख वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को पराजित करने में सफल होगी।

**- शिव शरण त्रिपाठी**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिनका कुंद के पुष्प और चन्द्रमा के समान (गौर) शरीर है, जो पार्वतीजी के प्रियतम और दया के धाम हैं और जिनका दीनों पर स्नेह है, वे कामदेव का मर्दन करने वाले (शंकरजी) मुझ पर कृपा करें॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

### गुरु वंदना

**बंदउँ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि।**
**महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर॥**

मैं उन गुरु महाराज के चरणकमल की वंदना करता हूँ, जो कृपा के समुद्र और नर रूप में श्री हरि ही हैं और जिनके वचन महामोह रूपी घने अन्धकार का नाश करने के लिए सूर्य किरणों के समूह हैं॥

**बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा॥**
**अमिअ मूरिमय चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू॥1॥**

मैं गुरु महाराज के चरण कमलों की रज की वन्दना करता हूँ, जो सुरुचि (सुंदर स्वाद), सुगंध तथा अनुराग रूपी रस से पूर्ण है। वह अमर मूल (संजीवनी जड़ी) का सुंदर चूर्ण है, जो सम्पूर्ण भव रोगों के परिवार को नाश करने वाला है॥

**सुकृति संभु तन बिमल बिभूती। मंजुल मंगल मोद प्रसूती॥**
**जन मन मंजु मुकुर मल हरनी। किएँ तिलक गुन गन बस करनी॥**

वह रज सुकृति (पुण्यवान पुरुष) रूपी शिवजी के शरीर पर सुशोभित निर्मल विभूति है और सुंदर कल्याण और आनन्द की जननी है, भक्त के मन रूपी सुंदर दर्पण के मैल को दूर करने वाली और तिलक करने से गुणों के समूह को वश में करने वाली है॥

(क्रमशः..)

# नेता जी कोपभवन में हैं...

जिस हाईकमान से मिलने के लिए नेताजी दिन रात बेचैन रहते थे और दिल्ली दरबार की दौड़ें लगाया करते थे, वही हाईकमान अब नेताजी के हाव भाव को देखकर हक्का-बक्का है। हाईकमान के दूत नेताजी की मान मन्नोवल कर रहे हैं, लेकिन नेताजी टस से मस नहीं हो रहे। जब से हाईकमान ने पार्टी में उनके विरोधी को टिकट दे दिया है, तब से नेताजी कोपभवन में जाकर बैठ गए हैं। कोपभवन में ही उन्होंने बिस्तर लगा लिया है। वही ड्राइंग रूम और डाइनिंग रूम बना लिया है। बाथरूम भी जाना हो तो घर से बाहर नहीं आते। सुबह की सैर को भी उन्होंने तिलांजलि दे दी है। कोपभवन में बैठकर सिर्फ और सिर्फ व्हाट्सएप्प चलाते हैं। इंटरनेट पर अखबारें पढ़ते हैं। लेकिन चैनल वालों को अब बाइट नहीं देते। सीधे-सीधे कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे। लेकिन पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का साथ भी नहीं दे रहे। बस, नाराज होकर कोपभवन में बैठ गए हैं। यह भवन उन्होंने अपने सत्ता काल में सरकारी ठेकेदारों से बनवाया था। इस भवन में सरकारी सीमेंट लगा है। सरकारी चूना लगा है। सरकारी सरिया लगा है। सरकारी टाइल लगी है। सरकारी कालीन लगे हैं। सरकारी परदे लगे हैं। सरकारी खाते से जो जो लग सकता था, वह सब लगा है। ठेकेदारों को यह सब लगाने के आदेश थे। वैसे यह सारा सीमेंट, रेता, बजरी, सरिया, पर्दे वगैरह वगैरह सरकारी कॉलेज की बिल्डिंग में लगे थे लेकिन नेताजी के पास मलाईदार डिपार्टमेंट था, इसलिए उनके भवन में लग गए। ठेकेदारों को सरकारी खजाने से समय पर पेमेंट भी हो गई और नेताजी का भवन भी बन गया। यही भवन अब कोपभवन भी बन गया है। अपना कोप वह इस भवन में बैठकर दिखला रहे हैं। हाईकमान का सिंहासन उनके इस कोप से डोल जाएगा, ऐसा वह सोचे बैठे हैं। नेताजी के समर्थक परेशान हैं कि जाएं तो किधर जाएं? पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करें या फिर कोपभवन के बाहर टकटकी लगाकर बैठे रहें। मतदान को बहुत कम दिन रह गए हैं।



जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे वैसे नेताजी का कोप भी उफान मार रहा है। कहीं नेताजी का यह उफान वोट पडने् के दिन तूफान में तब्दील न हो जाए, इस बारे हाईकमान भी माथापच्ची कर रहा है। पल-पल की खबर ले रहा है। नेताजी के पास दूतों तक यह संदेश भिजवा दिया गया है कि कोपभवन से समय पर बाहर नहीं आए तो आने वाले दिनों में आपकी संपत्ति की जांच भी हो सकती है। फाइल ईडी तक जा सकती है। राजनीतिक भविष्य भी चौपट हो सकता है। जेल यात्रा भी करनी पड़ सकती है। जमानत के लाले भी पड़ सकते हैं। यानी मान मन्नोवल से काम लेने के साथ-साथ हाईकमान चाणक्य नीति भी अपना रहा है। नेताजी की पत्नी से भी संपर्क साधा गया है। नेताजी के समर्थकों का कहना है कि नेताजी जनता की चाहे एक न सुनें, लेकिन अपनी पत्नी की सारी बातें सुनते हैं। इसलिए अब पत्नी रूपी हथियार को भी आजमाया जा रहा है। कोपभवन के बाहर सादे वस्त्रों में गुप्तचर एजेंसियों के जवान भी लगा दिए गए हैं। फोन अलग से टेप किए जा रहे हैं। नेताजी ने कोपभवन में जाकर सबको चक्कर में डाल दिया है। पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी तो घनचक्कर बन गया है। वह बेचारा कभी ज्योतिषियों के पास जा रहा है तो कभी हाईकमान के पास उक्त नेता की शिकायत कर रहा है।

ज्योतिषी उसे दिलासा दे रहे हैं। हाईकमान उसे डटे रहने को कह रहा है। अधिकृत प्रत्याशी गांव-गांव में घूम रहा है। लेकिन नेताजी कोपभवन में हैं। विरोधी दल के लिए यह कोपभवन आस्था का मंदिर बन गया है। उसे अपनी ग्रह चाल की बजाय इसी कोपभवन पर भरोसा है। लोकतंत्र में कोपभवन भी महत्वपूर्ण भूमिका कभी-कभी अदा कर देता है। यही लोकतंत्र की अदा भी है। कोपभवन में बैठे नेताजी अच्छे अदाकार भी हैं। देखते हैं कोपभवन का सिग्नल इलेक्शन में क्या जलवा दिखाता है?

**-गुरमीत बेदी**
**साहित्यकार**

## राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष : द्वादशी**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत अच्छी। व्यापार बहुत अच्छा। सरकारी तंत्र से बहुत लाभ।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
प्रेम में दूरी। स्वास्थ्य पहले से काफी बेहतर। सरकारी तंत्र से थोड़ी सी अभी बहुत अच्छी स्थिति नहीं है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार भी मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आर्थिक दबाव बना रहेगा। धन-हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम,संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शारीरिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मानसिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा, फिर भी प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
मन व्याकुल रहेगा। बेचैनी सी बनी रहेगी। खर्च की अधिकता रहेगी। सर दर्द, नेत्र पीड़ा। प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आर्थिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। समाचार के माध्यम से कुछ अजीब समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सरकारी तंत्र से पंगेबाजी न करें। कोर्ट-कचहरी से बचें। व्यावसायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा से बचें। धर्म-कर्म में अतिशय से बचें। रुक हुए कार्य को गति मिलेगी। अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य ठीक है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
वाहन धीरे चलाएं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम,संतान भी मध्यम। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य अच्छा नहीं चल रहा है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य और साथ दोनों अच्छा नहीं चल रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।









*लोकसभा चुनाव-2024 के पांचवें चरण में देश के आठ राज्यों में वोटिंग चल रही है। उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर आज मतदान हो रहा है। मतदान को लेकर आम जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक व महिलाएं बड़ी संख्या में वोट देने के लिए पहुंच रही हैं।*

# भरतपुर के जाट राजा के परिवार का विवाद सड़क पर आया, हो रहा है बवाल

**राजस्थान ( एजेंसी )।** राजस्थान के भरतपुर के प्रसिद्ध राजघराने में बड़ा विवाद हो गया है। भरतपुर के राज परिवार का विवाद अब सड़कों पर आ गया है। यह विवाद भरतपुर के उस राज परिवार में हो रहा है। जिस राज परिवार ने कभी कोई युद्ध नहीं हारा। भरतपुर का राज परिवार जाट समाज के राजाओं का ऐतिहासिक परिवार है। भरतपुर के राज परिवार के सदस्य आपस में ही बवाल मचा रहे हैं। भरतपुर के राज परिवार का विवाद पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के भरतपुर में राजघराने की लड़ाई बढ़ती जा रही है। पूर्व महाराजा विश्वेंद्र सिंह ने पहले अपनी पत्नी और बेटे ने गंभीर आरोप लगाए। अब बेटे ने दावा किया कि पिता मोती महल को बेचना चाहते हैं, इसलिए परिवार में झगड़ा शुरू हुआ है। यह भी आरोप लगाया कि विश्वेंद्र सिंह पत्नी और बेटे को बदनाम कर रहे हैं. फिलहाल, यह विवाद थमता नहीं दिख रहा है। दरअसल, पूर्व महाराजा विश्वेंद्र सिंह ने भरण पोषण ट्रिब्यूनल में पत्नी और बेटे के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने 5 लाख रुपये प्रतिमाह भरण पोषण दिए जाने की मांग की है। पत्नी और बेटे पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। विश्वेंद्र की पत्नी दिव्या सिंह भरतपुर लोकसभा सीट से सांसद रह चुकी हैं। विश्वेंद्र सिंह राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं।

भरतपुर राज घराने के राजा विश्वेंद्र ने भरण पोषण प्राधिकरण में उपखंड अधिकारी के यहां अपनी पत्नी दिव्या सिंह और पुत्र अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ याचिका दायर की है। इस याचिका के जरिए पत्नी और बेटे से 5 लाख रुपए प्रतिमाह भरण पोषण दिए जाने की मांग की है। विश्वेंद्र ने पत्नी और बेटे पर प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। विश्वेंद्र का कहना था कि मारपीट करने के बाद मुझे मोती महल से बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद मैं करीब 3 वर्षों से कभी होटल में तो कभी कहीं अपना जीवन व्यतीत कर रहा हूं। भरतपुर के पूर्व शाही परिवार के सदस्य विश्वेंद्र ने आगे कहा, महल समेत पूर्वजों की सभी संपत्ति और खानदानी जेवर पर पत्नी और बेटे का कब्जा हो गया है. मेरे कागजात, कपड़े और अन्य सामान फाड़कर फेंक दिया गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री का आरोप है कि हम तीनों का दिल्ली की एक बैंक में ज्वॉइंट अकाउंट था, लेकिन पत्नी और बेटे ने मेरे फर्जी हस्ताक्षर करके बैंक लॉकर से कीमती सामान निकाल लिया है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विश्वेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्हें प्रताड़ित किया गया। पर्याप्त भोजन नहीं दिया गया और अंततः अपने घर से भगा दिया गयाद्ध( उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत आवेदन दायर किया है। 62 वर्षीय विश्वेंद्र सिंह ने अपने आवेदन में कहा, वो हृदय रोग से पीड़ित हैं और अवसाद का सामना नहीं कर सकते हैं. 2021 और 2022 में दो बार COVID-19 से संक्रमित हुए। लेकिन पत्नी और बेटे ने देखभाल तक नहीं की। विश्वेंद्र सिंह ने आरोप लगाया, पिछले कुछ वर्षों से मेरी पत्नी और बेटे ने मेरे खिलाफ बगावत शुरू कर दी। उन्होंने मेरे साथ मारपीट की, मेरे दस्तावेज और कपड़े जला दिए और मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और खाना भी बंद कर दिया. मुझे किसी से भी मिलने की मनाही थी और उन्होंने मुझे महल के भीतर लंबे समय तक यातनाएं दीं. आखिरकार उन्होंने मुझे घर से निकाल दिया और मैं कई सालों से कहीं और रह रहा हूं. उन्होंने कहा, महल से निकाले जाने के बाद से मैं खानाबदोश का जीवन जी रहा हूं. शुरुआत में मैं जयपुर में अपने सरकारी आवास में रहा और बाद में मैं होटलों में रहा। वे मुझे महल में जाने से रोकते रहे। पूर्व मंत्री ने दावा किया कि कई प्राचीन वस्तुएं, ट्रॉफियां, पेंटिंग और फर्नीचर समेत करोड़ों रुपये की पैतृक संपत्ति उनकी पत्नी और बेटे के कब्जे में है। सिंह ने महल और सभी संपत्तियों का स्वामित्व उन्हें ट्रांसफर किए जाने की मांग की है।

विश्वेंद्र सिंह के आरोपों के बाद उनकी पत्नी दिव्या सिंह और पुत्र अनिरुद्ध सिंह ने पत्रकार वार्ता की और विश्वेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं. दिव्या सिंह का कहना है कि पति विश्वेंद्र सिंह मोती महल को बेचने जा रहे थे, जिसके बाद परिवार में झगड़ा शुरू हो गया था। इससे पहले वो पूर्वजों की जो संपत्ति थी, उसे वो बेच चुके हैं। हालांकि, मैं मरते दम तक मोती महल को बचाने का काम करूंगी, चाहे जो भी हो जाए. विश्वेंद्र सिंह द्वारा हम लोगों को बदनाम करने की साजिश की जा रही है. विश्वेंद्र सिंह ने जो इल्जाम लगाए हैं, वो सभी गलत हैं। दिव्या का कहना था कि अगर मैं मुंह खोलूंगी तो 30 साल में जो हुआ, उससे ऐसा ना हो कि मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाए. मैंने आज तक एक शब्द नहीं बोला है। आज पहली बार बेटे के साथ बैठी हूं. मेरे साथ अत्याचार हो रहा है और बेटा मेरे साथ खड़ा है. क्षेत्र के लोग भी यह नहीं कह सकते हैं कि बेटा अनिरुद्ध गलत कर रहा है। मैंने बिगड़ा हुआ घर संभाला है. आज मेरे ऊपर इल्जाम लगाए जा रहे हैं। अभी भी मैंने अपना मुंह नहीं खोला है। मैं यहां सिर्फ अपने बेटे के साथ खड़ी हूं. मैं यही कह सकती हूं कि हर औरत को ऐसा बेटा मिले, जो अपनी मां के खिलाफ अत्याचार पर आवाज उठाए. मैं यही कहूंगी कि मोती महल को बचाकर रहूंगी।

---

### राजनाथ, राहुल, स्मृति...

उत्तर प्रदेश के सूचना निदेशक शिशिर ने अपने परिवार के साथ लखनऊ में वोट डाला। कौशांबी में मतदान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी लाइन लग गई हैं। चायल के आदर्श मतदान केंद्र पर सुबह नौ बजे तक 12 प्रतिशत मतदान हो गया है। इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय मनोरी में भी वोट डालने के लिए लोगों की लाइन लगी है। महिलाओं में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।फतेहपुर के किशनपुर कस्बे के वार्ड 8 और 7 की ईवीएम की बैटरी खत्म हो गई है। इससे मतदान प्रभावित हो गया है। 20 मिनट से मतदान बाधित है।

**स्मृति ईरानी ने की वोटिंग**

अमेठी से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि आप जल्द से जल्द अपने मतदान केंद्र जाकर इस उत्सव में सहभागी बनें। भारत और इसके भविष्य के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी है इसका निर्वहन करें। मेरा सौभाग्य है कि मैंने अपने गांव में विकसित भारत के संकल्प के साथ गरीब कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता को मैंने अपना मत दिया। अभिलाषी हूं कि उन्हें कि जनता अपना प्यार उन्हें देगी।


## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com

raghuvanshirampal365@gmail.com

raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com


### रोडरेज में बाइक...

कार चालक ने रौंद डाला। इस दुर्घटना में छात्र अमन की मौत हो गई। जबकि दो छात्र घायल हो गए। तीनों छात्र शहीद भगत सिंह स्कूल में पढ़ते हैं। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने बताया की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्विफट कार चला रहे प्रमोद को हिरासत में ले लिया है। जबकि गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि रोडरेज के चलते यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला है कि स्विफट कार और बाइक में टक्कर हुई है जिससे एक छात्र की दुःखद मौत हो गई है। परिजनों से तहरीर ली गयी है परिजन आरोप लगा रहे हैं कि उनके बेटे को कार ने कई बार कुचला जबकि सीसीटीवी कैमरे में बाइक और कार में टक्कर होते दिखी है।

### हीट वेव के चलते...

द्वारा संचालित जूनियर स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश अगले आदेश तक जारी रहेगा। इसका उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त सभी स्कूलों में नर्सरी से कक्षा-8 तक बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया गया है।

कल रात आदेश मिलने पर छात्रों को हुई परेशानी, बैरंग लौटे

अभिभावकों के अवकाश की जानकारी नहीं मिल पाई जिसके चलते आज सुबह सभी स्कूलों में छात्र स्कूल पहुंच गए। वहां पहुंचने पर अवकाश की जानकारी मिली तथा छात्र बैरंग घर लौटे।

कई अभिभावकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लेटलतीफी के कारण उन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा अवकाश की जानकारी नहीं मिल पायी जिसके कारण छात्रों को परेशान होना पड़ा।

बता दें कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अवकाश की सूचना 17 मई को तैयार हो गई थी, लेकिन 19 मई को रात में स्कूलों में आदेश भेजे गए। प्रशासन की लापरवाही के कारण अभिभावकों में काफी रोष है।

### मकान के तीसरे...

खोड़ा की गीतांजलि विहार में अनिल कुमार मिश्रा मकान की तीसरी मंजिल पर रहते हैं। मकान में रविवार मध्य रात्रि अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर अग्निशमनकर्मी दो गड़िया लेकर खोड़ा पहुंचे। संकरी गली होने से गाड़ी अंदर नहीं जा सकी। आग तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन कर्मियों ने नगर पालिका के टैंकरों और स्थानीय लोगों की मदद से आग को काबू करने का प्रयास किया। कोतवाली घंटाघर स्थित फायर स्टेशन से अग्निशमन की छोटी गाड़ी को मंगाया गया।इसके बाद मकान में लगी आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग में घर का सामान जल गया। कोई जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि आसपास के घरों में आग फैलने से पहले काबू कर लिया गया।

### मेट्रो स्टेशन पर...

चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे, समय लेकर उनसे मिलकर शिकायत भी करेंगे। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा पूर्व में भी अरविंद केजरीवाल की हत्या का प्रयास कर चुकी है। जेल में उन्हें इंसुलिन तक नहीं दी जा रही थी। उनकी जान लेने का पूरा षड़यंत्र रचा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस षड़यंत्र को समझा और अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी। पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर लिखकर अरविंद केजरीवाल पर हमले की धमकी दी जा रही है।

संजय सिंह ने कहा कि पटेल नगर मेट्रो स्टेशन पर अंकित गोयल नाम के व्यक्ति द्वारा धमकी लिखी गई है. जिसकी भाषा भाजपा की है।

### भूमिगत जल का...

सप्लाई किया जाएगा। इस तरह से बोरवेल को बंद कर दिया जाएगा।

डीजीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि वर्तमान में नोएडा में 406 एमएलडी की सप्लाई की जा रही है। इसमें 155 एमएलडी गंगाजल मिलाया जा रहा है। कुछ रेनीवैल और भूतिगत पानी है। जब रैनीवेल से सप्लाई शुरू हो जाएगी। तो गंगाजल में रैनीवेल का पानी मिलकार सप्लाई किया जाएगा। इसका टीडीएस कम होगा जो हमारे स्वास्थ्य बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि जल में तीन खंड है। ऐसे में 10 नेटवर्क में जून तक पानी सप्लाई दी जाएगी इसके बाद सितंबर तक बाकी बचे 5 नेटवर्क में सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

### उप्र में चिकित्सा के क्षेत्र...

श्री तोमर ने कहा कि चिकित्सा के अलावा कानून व्यवस्था के क्षेत्र में उप्र की सरकार ने पिछले 7 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। यही कारण है कि देश व दुनिया के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आतुर हो रहे हैं। यह मुख्यमंत्री के गंभीर प्रयासों का ही परिणाम है। वे सेक्टर-27 अटटा में एएसजी ग्रुप ऑफ आई हास्पीटल्स के नये अस्पताल के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले गरीब मरीजों का भी इलाज सेवा भाव से करें तभी अस्पताल की सार्थकता सही साबित होगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता तथा उप्र के पूर्व सिंचाई मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा अस्पतालों को सेवा भाव का भी पालन करना चाहिए। सेवा परमोधर्म के मूलमंत्र के साथ चलने वाले अस्पताल भविष्य में काफी प्रगति करते हैं। उम्मीद है कि यह अस्पताल भी गरीबों का ध्यान रखकर अन्य अस्पतालों के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत करेगा।

इस अवसर पर एएसजी ग्रुप ऑफ आई हॉस्पीटल के संस्थापक डा. अरूण सिंधवी, डा. शिल्पी गंग के अलावा डा. शिशिर शेखर सिंह, डा. आशीष अमर, डा. ईशा अग्रवाल तथा डा. रितिका गौर आदि भी मौजूद थे।


## उत्तर मध्य रेलवे

**भारतीय रेलवे**

**एसी 25 के.वी., 50 हर्ट्ज कर्षण को चालू करना**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25 के. वी., 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विर्निष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि कर्षण लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं दिया जायेगा।

**ऊर्जीकृत करने की तिथि दिनांक : 25.05.2024 को अथवा उसके पश्चात्**

**खण्डः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के आवागढ़ यार्ड के किमी 36/7 से 38/10 के मध्य ।

द्वारा निर्गतः
वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण)
उत्तर मध्य रेलवे
प्रयागराज मंण्डल

870/24(DG)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा निविदा सूचना** दिनांकः 16.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कै वै, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है -

**ई निविदा सूचना संख्याः** GEM/2024/B/4948436 Dated: 16.05.2024

**कार्य का नाम**-कानपुर कोचिंग डिपो और परिसर क्षेत्र की मशीनीकृत एवम् मैन्युअल सफाई का व्यापक कार्य चार वर्षों की अवधि के लिए ।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा सिस्टमः** दो पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत (रु.में):** ₹ 1,59,88,752/- | |
| **EMD:** 2,29,950/- | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शुन्य | **कार्य की अवधिः** 04 वर्ष |

**GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथिः** 16.05.2024, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 07.06.2024 को 14:00 बजे, नोटः 1.** उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध / अपलोड की जाएगी और वेबसाइट **www.GeM.gov.in** पर बनी रहेगी, निविदा खुलने की नियत तिथि तक। **2.** उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। **3.** संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। **4.** सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **5.** किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। **6.** ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एरां समय तक जमा की जा सकती है। **7.** जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। **872/24 (P)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**भारतीय रेलवे**

**एसी 25 के वी कर्षण को चालू करना**

**"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"**

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि **उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल** के **आवागढ़ यार्ड** के **किमी 36/7 से 38/10** के मध्य 25 के वी एसी विद्युत कर्षण आरंभ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से **4.78 मी** की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेजें लगायी गई हैं ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार (संपर्क तार) की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके जो कि लेवल क्रासिंग पर रेल स्तर से **न्यूनतम 5.5 मीटर** ऊपर की ऊंचाई पर होगा।

जन साधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का अतिलंघन न करें। अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैः

1. ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

**दिनांक 25.05.2024 को अथवा उसके पश्चात**

मंडलः प्रयागराज

द्वारा निर्गतः
वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण)
प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे

865/24(K)

@CPRONCR | @northcentralrailway | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in

## खास खबर

### यूपी से सही में गायब हो गया चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल? रक्षा मंत्रालय ने बताई सचाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को उन खबरों को खारिज कर दिया कि 2020 में रक्षा प्रदर्शनी (डेफएक्सपो) में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा लगाया गया चिनूक हेलीकॉप्टर का एक मॉडल गायब हो गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने कहा कि डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया। उन्होंने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ''डेफएक्सपो 2020 के दौरान लखनऊ में डीआरडीओ द्वारा लगाये गये चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है।'' बाबू ने कहा, ''चिनूक बोइंग द्वारा बनाया गया है और डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया है। डेफएक्सपो 2020 के आयोजन के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ। डीआरडीओ ने भी इन खबरों को ''भ्रामक'' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, ''ऐसी खबर चल रही है कि डीआरडीओ ने डेफएक्सपो 2020 के दौरान लखनऊ में चिनूक हेलीकॉप्टर मॉडल लगाया था और मॉडल अब गायब है।'' उसने कहा, '' यह सूचना गुमराह करने वाली है क्योंकि डीआरडीओ ने कभी लखनऊ में कोई हेलीकॉप्टर मॉडल नहीं लगाया था।'' अधिकारियों ने कहा कि लखनऊ में वृंदावन योजना क्षेत्र के सेक्टर 20 में एक हेलीकॉप्टर का मॉडल खराब हालत में था और सुरक्षा कर्मियों की सिफारिश के बाद इसे हटा दिया गया क्योंकि जी20 से संबंधित एक कार्यक्रम के वास्ते प्रधानमंत्री की शहर की यात्रा के लिए एक हेलीपैड का निर्माण किया जाना था।

### पीएम मोदी पंजाब में 23-24 मई को करेंगे तीन रैलियां

**चंडीगढ़, एजेंसी।** झप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 मई को पंजाब में तीन चुनावी-रैलियों को संबोधित करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 23 मई को पटियाला में पार्टी उम्मीदवार परनीत कौर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अगले दिन 24 मई को वह गुरदासपुर में दिनेश बाबू और जालंधर में सुशील रिंकू के समर्थन में रैलियां करेंगे। भाजपा राय में पहली बार अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए, इस बार उसकी असली परीक्षा होनी है। अकाली दल तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर करीब तीन दशक पुराना गठबंधन तोड़कर सितंबर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गया था। शिरोमणी अकाली दल (एसएडी) और भाजपा 1996 से राय में सीटों के बंटवारे के आधार पर चुनाव लड़ती रही है। पिछ्ली बार 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने राय की 13 लोकसभा सीटों में से आठ जीती थीं। भाजपा और एसएडी को दो-दो सीटों पर जीत मिली थी जबकि आप के खाते में मात्र एक सीट गई थी। पंजाब में इस बार सभी सीटों पर एक साथ 1 जून को मतदान होना है।

### दक्षिण तमिलनाडु में भारी बारिश, कन्याकुमारी में बांधों की हो रही निगरानी

**चेन्नई, एजेंसी।** दक्षिण तमिलनाडु के इलाकों में इन दिनों हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हैं। इस बीच कन्याकुमारी जिले में बांधों पर निगरानी रखी जा रही है। अग्निशमन एवं बचाव विभाग भी किसी भी संभावित बचाव अभियान के लिए तैयार है। कन्याकुमारी जिला अग्निशमन अधिकारी सत्यकुमार ने आईएएनएस को बताया, यदि बाढ़ आती है तो विभाग किसी भी बचाव अभियान के लिए तैयार है। सत्यकुमार ने लोगों से जल निकायों के पास न जाने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने बिजली गुल होने पर भी सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि लोग बिजली गुल होने की सूचना तत्काल स्थानीय बिजली दफ्तर को दें और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं को भी सूचित करें। कन्याकुमारी जिले के नौ बांधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अगर इन बांधों में पानी का प्रवाह यादा हुआ तो कुछ बांधों के गेट खोल दिए जाएंगे।

### यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर आज मतदान, राजनाथ, राहुल, स्मृति समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी लोकसभा चुनाव का पांचवा चरण देश और प्रदेश के राजनीतिक दृश्य के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर चार केन्द्रीय मंत्री सहित भाजपा के 11 मौजूदा सांसदों का राजनीतिक भविष्य तय होना है। इस चरण में तीन सीटों पर सबसे हाई प्रोफाईल चुनाव होगा। रायबरेली सीट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हैं तो लखनऊ सीट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह हैं। लखनऊ के ग्रामीण इलाकों की मोहनलालगंज सु.सीट पर केन्द्रीय राय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। वहीं अमेठी की चर्चित सीट पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भाजपा की उम्मीदवार है। इजालौन सु.सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद भानु प्रताप वर्मा, झांसी में अनुराग शर्मा, हमीरपुर में कुंवर पुष्पेन्द्र चन्देल, बांदा में आर.के.सिंह पटेल, फतेहपुर में साध्वी निरंजन योति, कौशाम्बी में विनोद सोनकर मैदान में हैं।

# 22 मई तक भीषण गर्मी, फिर यूपी सहित कई राज्यों में होगी बारिश !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि अगले पांच दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी जारी रहने की उम्मीद है। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक पूर्वी और मध्य भारत में भी भीषण गर्मी की यही स्थिति बने रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई इलाकों में 22 मई तक भीषण गर्मी का अनुभव होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

**नौ रायों में लू का 'अलर्ट' जारी :** मौसम विभाग ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 122 मई तक हीटवेव (लू) की स्थिति बने रहने का अनुमान है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 20 से 22 मई तक इन स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान उत्तराखंड, गुजरात और मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भी इसी अवधि के दौरान लू की स्थिति का अनुभव होगा। बिहार और गंगीय पश्चिम बंगाल में 20 मई तक, झारखंड में 20 मई को और ओडिशा में 20 से 22 मई तक लू चलेगी।

पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू ने ना केवल लोगों को बेहाल कर दिया है बल्कि लू के थपेड़ों ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक दिल्ली समेत नौ रायों में लू का 'अलर्ट' जारी किया है। इनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,



गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात में के कुछ हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना जताई है। विभाग ने ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में भी लू चलने की संभावना जताई है। शुक्रवार को उक्त रायों के कई शहरों में तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे यादा उत्तर प्रदेश के आगरा में पारा 46.9 डिग्री पहुंचा। इसके अलावा ओडिशा, झारखंड, गोवा, असम और त्रिपुरा में आज उमसभरी गर्मी का अनुमान जारी किया गया है।

**गर्मी के साथ राहत भरी खबर :** अगले सप्ताह ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी/घंटा) के साथ छिटपुट हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 19-23 मई के बीच बिहार और झारखंड में भी इसी तरह की बारिश का अनुमान है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज हवाओं (40-50 किमी / घंटा) के साथ वर्षा की भविष्यवाणी की गई है। थोड़ी कम हवा की गति (30-40 किमी/घंटा) के साथ इसी तरह की स्थिति अगले पांच दिनों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा को प्रभावित कर सकती है। सिक्किम में 20 मई तक, असम और मेघालय में 18-20 मई तक, और नागालैंड और मणिपुर में 18 मई को भारी बारिश होने की उम्मीद है।

**दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की दस्तक :** राहत की बात यह है कि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है। उधर, दक्षिण भारत के रायों में तेज बारिश का 'अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से अगले पांच दिन तक तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी में भारी बारिश का दौर रहेगा। वहीं, कर्नाटक में दो दिन बाद यानी 20 मई से तेज बारिश की संभावना बनेगी। तमिलनाडु में शुक्रवार को भी तेज बारिश हुई। इससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत बन गए। तमिलनाडु की राय आपदा मोचन बल की टीम ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। टीम शुक्रवार देर रात ही चेन्नई से तिरुनेलवेली पहुंच गई है। जिले के निचले इलाकों में भारी बारिश से निपटने की तैयारी कर रही है। तमिलनाडु में भारी बारिश तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण तिरुपुर जिले में तिरुमूर्ति पहाड़ियों पर स्थित अमनलिंगेश्वर मंदिर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। इसके बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में बड़ा ऐक्शन, प्रवल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** जनता दल सेक्युलर से निलंबित नेता प्रवल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। पिछले महीने इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इसे लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था और प्रवल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की इजाजत मांगी थी। मालूम हो कि कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले प्रवल रेवन्ना के कई वीडियो सामने आए, जिनमें वह महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार करता नजर आया। मालूम हो कि प्रवल रेवन्ना हासन लोकसभा सीट से जेडीएस-बीजेपी के संयुक्त उम्मीदवार है। इस बीच, बेंगलुरु की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। रेवन्ना और उनके बेटे व सांसद प्रवल रेवन्ना के खिलाफ 28 अप्रैल को हासन जिले के होलेनरसीपुर टाउन पुलिस थाने में घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। ऐसा बताया जाता है कि प्रवल 27 अप्रैल को जर्मनी रवाना हो गए थे और वह अभी भी इस मामले में पेश नहीं हुए हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि 66 वर्षीय विधायक के घर पर पिता-पुत्र ने उसका यौन शोषण किया था। प्रवल के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों और संबंधित मामलों की जांच कर रहे एसआईटी ने पूर्व मंत्री को हिरासत में दिए जाने की अपील की थी। वहीं, कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने मांग किया कि अश्लील वीडियो मामले की जांच सीबीआई को सौंपना चाहिए। प्रमुख लोगों की भागीदारी पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए विजयेंद्र ने पीड़ितों के लिए न्याय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई प्रमुख हस्तियों को फंसाया जा रहा है। मैं राय सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि पीड़ितों को न्याय मिले। मुझे लगता है कि केवल सीबीआई को जांच सौंपकर न्याय प्राप्त किया जा सकता है। यह राय सरकार से मेरी अपील है। इससे पहले, पूर्व प्रधानमंत्री व जनता दल सेक्युलर के प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते व हासन के सांसद प्रवल रेवन्ना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला रचा गया है।

## जेल ट्रांसफर के बहाने हो सकती है मेरी हत्या, अबू सलेम को सता रहा एनकाउंटर का डर

**मुंबई, एजेंसी।** जेल में बंद 1993 के बॉम्बे सीरियल बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम को अपनी जान का डर सताने लगा है। उन्हें इस बात का डर है कि जेल ट्रांसफर के बहाने उसकी हत्या ना कर दी जाए। इसके लिए उसने स्पेशल कोर्ट में याचिका दाखिल की थी और जेल ट्रांसफर नहीं करने के लिए आदेश देने की अपील कोर्ट से की है। कोर्ट ने उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए तलोजा जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले आदेश तक अबू सलेम का जेल ट्रांसफर नहीं करें। 19 साल पहले पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद से जेल में बंद अबू सलेम को आशंका है कि जैसे-जैसे जेल से उसकी रिहाई करीब आ रही है, उसे अन्य जेलों में स्थानांतरित करके उसे मारने की साजिश रची जा रही है। उसे अपनी जान पर खतरा महसूस हो रहा है। सलेम ने पिछले दो हमलों का भी हवाला दिया, जिनमें आर्थर रोड जेल में गैंगस्टर और इसी मामले में एक और दोषी मुस्तफा दोसा की हत्या कर दी गई थी। आपको बता दें कि छोटा राजन के सहयोगी मुंबई सेंट्रल जेल, औरंगाबाद सेंट्रल जेल, अमरावती सेंट्रल जेल और कोल्हापुर सेंट्रल जेल जैसी विभिन्न जेलों में बंद हैं। अबू सलेम को आशंका है कि वे जेल अधिकारियों को रिश्वत देंगे और दबाव डालेंगे। उस पर हमला करो।

# नाबालिग से गैंगरेप के बाद भट्ठी में जिंदा जला दिया था, अब कोर्ट ने सुनाया फैसला

**भीलवाड़ा, एजेंसी।** राजस्थान में पिछले साल 14 साल की लड़की के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और फिर कोयले की भट्ठी में उसे जिंदा जलाने के मामले में भीलवाड़ा जिले की एक पॉक्सो (पीओसीएसओ) अदालत ने शनिवार को दो आरोपियों को दोषी करार दिया, साथ ही सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। बरी किए गए लोगों में शामिल तीन महिलाओं व चार पुरुषों पर सबूत नष्ट करने का आरोप था।

इस बारे में जानकारी देते हुए भीलवाड़ा सत्र न्यायालय के वकील सुनील पारीक ने बताया, जस्टिस अनिल गुप्ता की अध्यक्षता वाली विशेष पॉक्सो अदालत द्वद्ध ने दो मुख्य आरोपियों कालू और कान्हा को दोषी ठहराते हुए सात आरोपियों को बरी कर दिया। हालांकि, अंतिम फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा जिसके बाद ही उनके बरी होने का कारण और आरोपियों की सजा के बारे में पता चल सकेगा।

**वारदात के अगले दिन मिला था जला हुआ शव :** पुलिस के मुताबिक भीलवाड़ा के कोटड़ी में पिछ्ले साल 2 अगस्त को 14 वर्षीय नाबालिग के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। वारदात के अगले दिन उसका जला हुआ शव कोयला भट्ठी से बरामद हुआ था। इस वारदात को लेकर दो नाबालिगों सहित कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि कोयला भट्ठी की देखभाल करने वाले दो लोगों ने उस वक्त नाबालिग का



अपहरण किया था जब वह 2 अगस्त की रात को मवेशियों को चराने गई थी। बाद में दोनों आरोपियों ने अपनी पत्नी और अन्य साथियों को बुलाया, जिन्होंने अगले दिन सुबह पीड़िता को जलती कोयले की भट्ठी में जिंदा फेंक दिया था। साथ ही सबूतों को नष्ट करने के मकसद से पीड़िता के शरीर के कुछ अंगों को इकट्ठा करके उन्हें भट्ठी के पास स्थित एक कुएं में डाल दिया था। इस मुद्दे को लेकर तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने खराब कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन राय सरकार पर जमकर हमला बोला था। विपक्षी दलों ने उस वक्त चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के अंदर भी इस मुद्दे पर काफी हंगामा किया था।

हालांकि, तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने उन्हें जवाब देते हुए बताया था कि वारदात के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच के लिए एडीजीपी (अपराध) दिनेश एमएन सहित एक उचस्तरीय जांच दल भी गठित किया गया।

इस मामले में पुलिस ने 3 सितंबर 2023 को 11 आरोपियों के खिलाफ 473 पन्नों की लंबी चार्जशीट भी दायर की थी। जिनमें से नौ आरोपियों की सुनवाई विशेष पीओसीएसओ अदालत में चल रही थी, जबकि दो नाबालिगों की सुनवाई अलग से की जा रही है।

## राजस्थान पुलिस के हत्थे चढ़ा 1 लाख का इनाकी डैकत लुक्का, दोनों तरफ से चली गोलियां

**धौलपुर, एजेंसी।** राजस्थान की धौलपुर जिला पुलिस को शनिवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस ने बसई डांग क्षेत्र के नियाती के जंगलों में मुठभेड़ के दौरान जिले के नंबर वन खूंखार अपराधी 1 लाख के इनामी धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को चार साथियों समेत गिरफ्तार किया है। इनमें दो अपराधी नाबालिग होने पर पुलिस ने उन्हें निरुद्ध किया. पुलिस ने डकैत गैंग से पांच हथियार समेत 60 जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के निर्देश में अपराधियों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले का कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का विगत लंबे समय से फरार चल रहा था. डकैत को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी. डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का की गिरफ्तारी को लेकर एडीजी क्राइम ने हाल ही में 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। डकैत गैंग को पकड़ने के लिए पुलिस की डीएसटी, क्यूआरटी टीम समेत साइबर सेल विशेष निगरानी रख रही थी. एसपी ने बताया कि शनिवार को धौलपुर



पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि लुक्का को साथियों के साथ नियाती के जंगलों में देखा गया है. मुखबिर की सूचना बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में डीएसटी, क्यूआरटी, बाड़ी, सदर बसई डांग, सोने का गुर्जा थाना पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर डकैत गैंग को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का एवं उसके सहयोगियों ने पुलिस को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षा में डकैतों की गैंग पर फायरिंग की गई। पुलिस की तरफ से 50 एवं डकैतों की तरफ से करीब 40 राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, डकैत रामबृज एवं रामू को दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो नाबालिगों को निरुद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का गैंग से पुलिस ने पांच हथियार समेत 60 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डकैतों के कब्जे से तीन राइफल एवं दो 315 बोर के कट्टा बरामद किए गए हैं। अनुसंधान में और हथियार भी बरामद हो सकते हैं। 1 लाख के इनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर धौलपुर समेत मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में टोटल 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। लुक्का पर हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी, राज कार्य में बाधा उत्पन्न करने और मारपीट जैसे मामले दर्ज हैं। डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पर मध्य प्रदेश की मुरैना जिला पुलिस ने भी 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का, रामब्रज एवं डकैत रामू का भारी पुलिस बल के साथ धौलपुर शहर में जुलूस निकाला गया।

## ममता से लड़ना है तो राम के घर आओ, खड़गे की चेतावनी के बाद अधीर रंजन को भाजपा का ऑफर

**कोलकाता, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ममता बनर्जी को लेकर हमेशा आक्रामक होने के कारण अपनी ही पार्टी में अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। ममता और टीएमसी के अन्य नेताओं ने बार-बार अधीर को भाजपा एजेंट करार दिया है। ममता ने हाल ही में कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो टीएमसी भी समर्थन देगी। टीएमसी सुप्रीमो के बयान पर अधीर रंजन ने कहा था कि ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि ममता को लेकर जो भी फैसला होगा वह खड़गे खुद या आलाकमान सोनिया गांधी करेंगी। खड़गे के बयान के बाद बीजेपी ने इस मौके को लपका और लगे हाथ बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने अधीर रंजन चौधरी को पार्टी बदलने का ऑफर दे दिया। शनिवार को प्रचार के दौरान एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं अधीरदा से यही कहूंगा कि अगर आप ममता बनर्जी से लड़ना चाहते हैं तो कोई उपयुक्त जगह ढूंढ लीजिए। जिस घर में आप हैं वह भयावहता से भरा है। भयावहता का घर छोड़ो। राम के घर चलो। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पहले ही एक फर्जी मैसेज फैल चुका है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि अधीर चौधरी जून में बीजेपी में शामिल



होंगे। हालांकि अधीर ने वायरल मैसेज का खंडन किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अधीर को दी गई चेतावनी के बाद फिर कयासों का बाजार गर्म हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अधीर चौधरी को सख्त संदेश देते हुए ममता मुद्दे पर कहा, अधीर रंजन चौधरी फैसला नहीं लेंगे, हम फैसला लेंगे, कांग्रेस पार्टी फैसला लेगी। हम हाईकमान हैं। हम जो कहते हैं उसे मानना होगा, नहीं तो हमें जाना होगा। इसके अलावा खड़गे ने ममता के इंडिया ब्लॉक में होने को लेकर कहा, ममता बनर्जी शुरू से ही बाहर से समर्थन की बात करती रही हैं और बाहर से समर्थन कोई नई बात नहीं है। सबसे पहले यूपीए सरकार को वामपंथियों का भी बाहर से समर्थन प्राप्त था। हालांकि बाद में ममता ने यह भी कहा कि वह इंडिया गठबंधन में हैं और सरकार बनने पर उसमें शामिल होंगी।

# कंगना रनौत ने चुनाव जीतने से पहले जाहिर कीं अपनी 2 इछाएं

**शिमला, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहती हैं। अपनी चुनावी रैलियों में वह विपक्ष पर जमकर गरजती दिखती हैं। इस बार उन्होंने चुनाव जीतने से पहली ही अवॉर्ड से लेकर मंत्री पद अपनी दो बड़ी महत्वाकाक्षाओं को जाहिर कर दिया है।

कंगना ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे एक अभिनेत्री के तौर पर जो इतने सारे पुरस्कार मिले हैं, चाहे वह राष्ट्रीय पुरस्कार हों या पद्मश्री, अगर आने वाले समय में मुझे एमपी ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिलेगा, तो मुझे बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि आगे चलकर मुझे कोई मिनिस्ट्री या नेशनल लेवल पर कोई बड़ा रोल मिलता है तो हम आगे के रोल पर सोच सकते हैं, लेकिन अभी तो हम केवल मंडी के विकास पर ही बात कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने सेब के किसानों के मुद्दों को सुलझाने पर भी बात की। कंगना ने कहा कि प्रत्याशी होकर ये मेरा रोल नहीं है कि मैं अभी कोई भी घोषणा या वादा करूं। वैसे भी हमें ऊपर से निर्देश आए हुए होते हैं कि आपको अपने हिसाब से कोई वादे नहीं करने हैं, क्योंकि हमारी पार्टी में मोदी की गारंटी को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। बाकी मुझे नहीं लगता है कि किसी और पार्टियों में इस तरह के सख्त प्रोटोकॉल हैं। हमारा बहुत सख्त प्रोटोकॉल है। ऐसा नहीं है कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भी अंट-शंट बोले जा रहे हैं।

**मंडी में कंगना और विक्रमादित्य में टक्कर :** बता दें कि, मंडी सीट पर इस बार कंगना रनौत और कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। भाजपा ने इस सीट से पहली बार किसी महिला और बॉलीवुड हस्ती को मैदान में उतारा



है। कंगना और विक्रमादित्य के बीच जुबानी जंग जारी है। विक्रमादित्य ने कंगना पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि वह एक महीने के राजनीतिक पर्यटन पर हैं और 4 जून के बाद अपना बोरिया-बिस्तारा बांधकर बॉलीवुड लौट जाएंगी। इसके जवाब में कंगना ने विक्रमादित्य की तुलना राहुल गांधी से करते हुए कहा था कि दिल्ली में एक 'बड़ा पप्पू' है और हिमाचल में 'छोटा पप्पू'।

## राहुल को प्रधानमंत्री चुनने को लेकर बोले बघेल, इंडिया गठबंधन का फैसला नहीं यह कांग्रेसियों का उत्साह

**रायपुर, एजेंसी।** आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उत्तर प्रदेश के दौरे से वापस लौट आए हैं। ? रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि वह लगातार उत्तर प्रदेश और रायबरेली के चुनावी दौरे पर रहे है। जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के लिए चुनावी प्रचार-प्रसार किया है। इस दौरान राहुल गांधी को सांसद नहीं बल्कि प्रधानमंत्री चुनने की बात को लेकर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री चुनने को लेकर दिया गया बयान पार्टी का नहीं बल्कि रायबरेली की जनता और कांग्रेस नेताओं के उत्साह का बयान है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री चुनने वाले बयान के सवाल को लेकर कहा कि यह इंडिया गठबंधन का फैसला नहीं है। मैं उस गठबंधन की टीम का सदस्य भी नहीं हूं, इसलिए मैं यह बिल्कुल भी नहीं बता सकता कि प्रधानमंत्री कौन होगा। बघेल ने कहा कि जब हम रायबरेली में राहुल गांधी जी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे उस दौरान क्षेत्र की जनता के द्वारा ऐसा कहा गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के नेताओं का सिर्फ उत्साह है। भूपेश बघेल ने चर्चा में कहा कि रायबरेली से देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी चुनाव लड़ने के बाद प्रधानमंत्री बनी थी। बघेल ने कहा कि रायबरेली से जो भी नेता चुनाव लड़ता है वह प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होता है।

# चेन्नई सुपरकिंग्स की हार ने बदल दिया आईपीएल का इतिहास



नई दिल्ली। आईपीएल की चारों प्लेऑफ टीमें तय हो गई हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स को हराकर आरसीबी टॉप 4 में पहुंचने वाली आखिरी टीम बनी। कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को प्लेऑफ का टिकट मिला है। सीएसके की हार के साथ आईपीएल के पिछले 17 साल का इतिहास भी बदल गया। पिछली बार चेन्नई सुपरकिंग्स, गुजरात टाइटंस, लखनउ सुपर जॉयंट्स और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। इनमें से कोई भी टीम इस बार टॉप 4 में जगह नहीं बना सकी है। आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब पिछले सीजन की टॉप 4 की कोई भी टीम अगले सीजन प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। आरसीबी के आने से इस बार आईपीएल को नया चैंपियन मिल सकता है। इस बार जिन 4 टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है उनमें से 3 टीमें आईपीएल ट्रॉफी उठा चुकी हैं। आरसीबी इकलौती टीम है जिसने अभी तक खिताब नहीं जीता है। केकेआर (2012, 2014) ने 2 बार आईपीएल खिताब अपने नाम किया वहीं राजस्थान रॉयल्स ( 2007) और सनराइजर्स हैदराबाद (2016) ने एक एक बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। आरसीबी ने जिस अंदाज में वापसी की है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि टीम इस बार कुछ कर गुजर सकती है। चेन्नई सुपरकिंग्स आईपीएल इतिहास में तीसरी बार प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई है। हालांकि सीएसके टीम जब जब प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकी है, उसके बाद टीम अगले सीजन ट्रॉफी जीतने में सफल रही है।



# 4 विकेट से सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता मैच

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के 69वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स की तरफ से कप्तानी करने वाले जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 45 गेंद में 71 रन की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट के नुकसान पर 215 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में टीम ने शुरूआत में ही आक्रामक रूख अपनाया जो अंत में थोड़ा धीमा हुआ लेकिन टीम पांच विकेट रहते जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इसी के साथ ही हैदराबाद अब टॉप 2 में आ गई है। प्रभसिमरन ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए अथर्व तायडे के साथ 55 गेंद में 97 और दूसरे विकेट के लिए रिली रोसेयु के साथ 32 गेंद में 54 रन की साझेदारी की। तायडे और रोसेयु दोनों अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। तायडे ने 27 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 46 तो वही रोसेयु ने 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन के इंग्लैंड लौटने के कारण टीम की अगुवाई कर रहे जितेश शर्मा ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 32 रन बनाकर टीम के स्कोर को 214 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये। कप्तान पैट कमिंस और विजयकांत व्यासकांत को एक-एक सफलता मिली। आईपीएल 2024 में राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हुई है, शुरुआत में यह सपाट और बेजान दिख रही थी। हालांकि हाल के मैचों में गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिली है क्योंकि पिच धीमी हो गई है। आईपीएल 2024 के दौरान राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए छह मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने तीन बार जीत हासिल की है, जबकि पीछा करने वाली टीमों ने दो बार जीत हासिल की है। पहली पारी का औसत स्कोर 203 है जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 190 है।

### प्लेइंग 11

**सनराइजर्स हैदराबाद**

अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, राहुल त्रिपाठी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, विजयकांत व्यासकांथ, टी नटराजन

**पंजाब किंग्स**

प्रभसिमरन सिंह, अथर्व तायडे, रिली रोसो, शशांक सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर/कप्तान), आशुतोष शर्मा, शिवम सिंह, हरप्रीत बराड़, ऋषि धवन, हर्षल पटेल, राहुल चाहर

मुंबई इंडियंस छोड़ रहे हो...

# रोहित शर्मा की पोस्ट ने क्यों बढ़ाई फैंस की धड़कनें?

नई दिल्ली। क्या रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस छोड़ने वाले हैं? रोहित की लेस्ट पोस्ट ने फैंस की धड़कनें बढ़ा दी हैं, जिसके बाद इस तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं। एमआई ने 'हिटमैन' के नाम से मशहूर रोहित को आईपीएल 2024 से पहले कप्तानी से हटा दिया था। उनकी जगह ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को कमान सौंपी गई। हालांकि, हार्दिक के नेतृत्व वाली एमआई का 17वें सीजन में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीतकर पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे दसवें पायदान पर रही। बता दें कि रोहित की कप्तानी में मुंबई ने पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती थीं। रोहित ने रविवार को इंस्टाग्राम पर 6 तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में कुछ नहीं लिखा और सिर्फ दिल वाली इमोजी लगाई। रोहित की इस पोस्ट से उनके एमआई छोड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। अनेक लोगों ने कमेंट सेक्शन में इसका जिक्र किया। एक यूजर ने लिखा, "यह इस बात का संकेत है कि रोहित मुंबई इंडियंस को छोड़ रहे हैं।" दूसरे ने कहा, "क्या वह एमआई से अलग होने का इशारा दे रहे हैं?" तीसरे ने कमेंट किया, "उम्मीद है कि रोहित का एमआई की नीली जर्सी में यह आखिरी सीजन नहीं होगा।" कई फैंस ने कहा, "हिटमैन, हम हमेशा आपके साथ हैं।" रोहित आईपीएल 2024 में बल्ले से उम्मीदों के मुताबिक छाप नहीं छोड़ सके लेकिन वह फिर भी एमआई के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। रोहित ने 32।08 की औसत से कुल 417 रन बनाए, जिसमें एक सेंचुरी और एक अर्धशतक शामिल है। एमआई ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपना लीग मैच खेला।



# निजता के उल्लंघन को लेकर IPL प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है।' उन्होंने आगे लिखा, 'क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर अपने दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों।' दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर मची होड़ से निराश भारतीय कप्तान ने कहा, 'एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।' रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे। बातचीत की रिकॉर्डिंग करते देख उन्होंने हाथ जोड़कर प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया।

# सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का जीता खिताब



बैंकॉक। भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21। 15, 21। 15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।



# ईशान और अय्यर के पास टीम इंडिया में वापसी करने का मौका



नई दिल्ली। युवा विकेटकीपर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। जय शाह ने एक बयान में कहा था कि मैंने नहीं ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को नहीं बल्कि अजीत अगरकर ने खुद दोनों को लिस्ट से बाहर किया था। बीसीसीआई के एक सोर्स ने उन्हें एक उपाय बताया है जिससे वह टीम इंडिया में वापसी कर सकते हैं। बीसीसीआई के एक सोर्स ने कहा," बीसीसीआई और नेशनल सेलेक्शन कमिटी को श्रेयस अय्यर और ईशान किशन से कोई दिक्कत नहीं है। अगर अय्यर और किशन को वापस कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जगह दी जाए। इसके बाद उन्हें टीम इंडिया के लिए भी खेलने का मौका मिलेगा।

# जब खिलाड़ी चोटिल होते हैं तो टीम का संतुलन नहीं बनता : ऋतुराज



चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स ने एम चिन्नास्वमी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आखिरी मुकाबला 27 रन से गंवा दिया। इससे गत चैंपियन चेन्नई इस सीजन में प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। बेंगलुरु के लिए यह लगातार छठी जीत थी जिसके चलते वह प्लेऑफ में पहुंच गई। मैच गंवाने के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि यह एक अच्छा विकेट था। स्पिनरों के लिए यह टर्न ले रहा था और थोड़ा पकड़ बना रहा था। जो लक्ष्य था उससे हम काफी खुश हूं। सीजन को संक्षेप में कहें तो 14 में से सात मैचों से काफी खुश हूं। गायकवड़ ने हार के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे लिए चोटें, कॉनवे का साथ नहीं होना, बहुत अंतर पैदा कर गया। हमें पहले गेम से ही चुनौतियां मिल रही थीं। पथिराना घायल हो गए। हम फिज (मुस्तिफिजुर रहमान) से भी चूक गए। जब आपके खिलाड़ी चोटों से जूझते हैं तो आपके लिए टीम का संतुलन बनाना मुश्किल हो जाता है।

# धोनी अगले साल IPL खेलेंगे या होंगे रिटायर



नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से रविवार 18 मई को मिली हार के साथ ही टीम का सफर इस सीजन खत्म हो गया। महेंद्र सिंह धोनी को निराशाजनक तौर पर आउट होकर लौटना पड़ा और वो मैच खत्म नहीं कर पाए। अगले सीजन में वह खेलने उतरेंगे या नहीं यह सवाल सभी के मन में चल रहा है। उनके साथ खेल चुके करीबी माने जाने वाले अंबाती रायुडू ने इसका जवाब दिया। स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में भारतीय टीम के खिलाड़ी अंबाती रायुडू ने उम्मीद जताई कि धोनी आगामी सत्र में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि यह उनका आखिरी मैच था। मैं उन्हें इस तरह से करियर खत्म करते नहीं देख सकता। ''धोनी की अगुवाई में आईपीएल चैंपियन टीम का हिस्सा रहे रायुडू ने कहा, '' वह जब आउट हुए उस समय काफी निराश दिख रहे थे। यह धोनी का अंदाज नहीं था। वह क्वालीफाई (प्लेऑफ) करके अपने करियर को शीर्ष पर अलविदा कहना चाहेंगे। ''उन्होंने उम्मीद जताई की इंपैक्ट प्लेयर नियम बरकरार रहेगा जिससे धोनी को टीम का हिस्सा बने रहने में आसानी होगी। रायुडू ने कहा, '' आप धोनी के बारे में कुछ अंदाजा नहीं लगा सकते है, वह अगले साल फिर से वापसी कर सकते है। इंपैक्ट प्लेयर नियम से उन्हें आखिरी के कुछ ओवरों में बल्लेबाजी करने का मौका मिल सकता है। बीसीसीआई को इस नियम को बनाये रखना चाहिये क्योंकि हम धोनी को खेलते देखना चाहते है। अब गेंद बीसीसीआई के पाले में है कि हम धोनी को खेलते देख सकेंगे या नहीं। ''



# यश दयाल को आखिरी ओवर में शानदार प्रदर्शन का मिला पुरस्कार

बेंगलुरू। तेज गेंदबाज यश दयाल ने आखिरी ओवर में जिस तरह बाजी पलटी और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को ना सिर्फ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई बल्कि प्लेऑफ का टिकट भी पक्का कराया। कप्तान फाफ डुप्लेसिस यश दयाल के इस प्रदर्शन से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने यश की जमकर सराहना की और खुद को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी उनके नाम कर दिया। आरसीबी को 19 ओवर के बाद क्वाविलफाई करने के लिए 17 रनों की जरूरत थी जबकि मुकाबले में जीत के लिए 35 रनों की दरकार थी। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने यश दयाल पर भरोसा जताया और पारी के आखिरी ओवर में गेंद थमाई। पहली गेंद पर धोनी ने फाइन-लेग पर जोरदार शॉट खेला और 110 मीटर का छक्का लगाया। अब टीम को पांच गेंदों में 11 रनों की जरूरत थी, लेकिन अगली ही गेंद पर धोनी स्वप्निल सिंह के हाथों कैच आउट हो गए। अब बल्लेबाजी के लिए शार्दुल ठाकुर आए। तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं आया।

### यश दयाल के कायल हुए डुप्लेसिस

डुप्लेसिस ने मैच के बाद कहा, मैं प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार यश दयाल को देना चाहूंगा। उन्होंने जिस तरह की गेंदबाजी की वो अविश्वसनीय थी, उन्हें इसका श्रेय मिलना चाहिए। तेज गेंदबाजी के साथ जाना हमेशा अच्छा विकल्प होता है और आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखना चाहिए तथा इसका आनंद लेना चाहिए।

### 'पिच बल्लेबाजी के लिए कठिन थी'

डुप्लेसिस ने कहा कि यह रात टीम के लिए अविश्वसनीय है और जिस पिच पर उन्होंने बल्लेबाजी की वो काफी कठिन थी। डुप्लेसिस ने कहा कि पहले वह और कोहली सोच रहे थे कि इस पिच पर 140-150 रन काफी होंगे। उन्होंने कहा, यह शानदार अनुभव रहा। मुझे लगता है कि मैंने सबसे कठिन पिच पर बल्लेबाजी की।

## 'लोग इस टीम को याद रखेंगे'

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। फाफ डु प्लेसी की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर चौथा स्थान हासिल किया। कार्तिक ने आरसीबी की विज्ञप्ति में कहा, 'लोग कुछ सफर को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीतने थे। लोग इस टीम को याद रखेंगे।' उन्होंने कहा, 'इस टूर्नामेंट में हर साल सात मैचों के बाद ऐसी एक या दो टीमें जो सिर्फ एक या दो मैच जीती होंगी।

## यश दयाल ने बताई RCB vs CSK मैच के अंतिम ओवर की कहानी

प्रयागराज के इस गेंदबाज को असल में चेन्नई की पारी का 19वां ओवर डालना था, लेकिन अचानक उन्हें आखिरी ओवर देने का फैसला लिया गया। इस बारे में बताते हुए यश दयाल ने कहाकि मुझे 19वां ओवर फेंकना था लेकिन अचानक डीके भैया और फाफ डु प्लेसी ने बात की। मुझे नहीं पता कि दोनों के बीच क्या बात हुई। इसके बाद मुझसे बताया कि लॉकी 19वां ओवर डालेगा और मैं आखिरी ओवर। वहीं, यश दयाल ने आरसीबी के प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैंने बचपन से कभी ऐसा महसूस नहीं किया । जब भी टीवी पर आरसीबी का मैच देखता था तो लगता नहीं था कि कभी इस टीम का हिस्सा बनूंगा। मेरे लिये यह सपने जैसा है।

## RCB के प्लेऑफ में पहुंचने पर रो पड़े विराट और अनुष्का

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने अंतिम ग्रुप-स्टेज गेम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराकर आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। आरसीबी को शीर्ष 4 में क्वालीफाई करने के लिए 18 रनों से जीत की आवश्यकता थी और उन्होंने खेल के अंतिम ओवर में आवश्यक 35 रनों का आसानी से बचाव करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना सीजन के दूसरे भाग में एक अविश्वसनीय बदलाव के कारण संभव हुआ, जहां उन्होंने लगातार 6 मैच जीते।

## धोनी को आउट करने के लिए विराट ने बनाया था मास्टर प्लान

तेज गेंदबाज यश दयाल के आखिर ओवर ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने से रोक दिया। पिछले सीजन एक ही ओवर में पांच गेंदों पर छक्के खाने वाले यश दयाल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि उनके लिए मैच का अंतिम ओवर डालना आसान नहीं रहा। पहली ही गेंद पर उन्हें एमएस धोनी ने सीजन का सबसे लंबा (100 मीटर) छक्का जड़ दिया था। हालांकि यश ने अगली ही गेंद पर धोनी को पवेलियन का रास्ता दिखाया लेकिन मैच खत्म होने के बाद रिप्ले में दिखा कि पहली गेंद पर छक्का लगने के बाद कोहली ने यश को धीमी गेंद डालने का सुझाव दिया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने एमएस धोनी को यॉर्कर फेंकने की योजना के साथ आखिरी ओवर यश दयाल को सौंपा। लेकिन यश पहली ही गेंद पर गलती कर बैठे और फुलटॉस गेंद डाली, जिस पर एमएस धोनी ने 110 मीटर का गगनचुंबी छक्का मारा। हालांकि ये छक्का सीएसके पर भारी पड़ा, क्योंकि इतना लंबा छक्का लगने से गेंद गायब हो गई और आरसीबी को दूसरी गेंद मिली, पहली गेंद ओस के कारण काफी गीली हो गई थी और बेंगलुरु के खिलाड़ी ने अंपायर से कई बार बदलने के लिए कहा था लेकिन अंपायर ने बात नहीं मानी थी।

## टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार का स्कोर अविश्वसनीय था : डुप्लेसी



रॉयल चैलेजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा, 'मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था।' उन्होंने कहा, 'जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं। एक टीम के तौर पर हम इस अपार समर्थन के लिए उन्हें लैप ऑफ ऑनर भी देंगे।'

# 30 मई को सोमवती अमावस्या

## 108 वस्तुओं का दान, 108 की संख्या का महत्व

**30 मई 2022 सोमवती अमावस्या के दिन बहुत ही दुर्लभ योग संयोग बन रहे हैं। इसी दिन शनि जयंती के साथ ही वट सावित्री का व्रत भी रखा जाएगा। ऐसा दुर्लभ संयोग 30 साल बाद बन रहा है। सोमवती अमावस्या पर 108 प्रकार के दान दिए जाते हैं। आओ जानते हैं 108 की संख्या का महत्व।**

30 मई 2022 सोमवती अमावस्या के दिन बहुत ही दुर्लभ योग संयोग बन रहे हैं। इसी दिन शनि जयंती के साथ ही वट सावित्री का व्रत भी रखा जाएगा। ऐसा दुर्लभ संयोग 30 साल बाद बन रहा है। सोमवती अमावस्या पर 108 प्रकार के दान दिए जाते हैं। आओ जानते हैं 108 की संख्या का महत्व।

- 1. सोमवती अमावस्या के दिन काल सर्पदोष, पितृदोष और अल्पायु दोष का निवारण किया जाता है। इसीलिए इस दिन शनि पूजा, यम पूजा और भोलेनाथ की पूजा के साथ ही स्नान, दान और पुण्य कार्य करने का खास महत्व है।
- 2. सोमवती अमावस्या के दिन 108 बार तुलसी की परिक्रमा करना, ओंकार का जप करना, सूर्य नारायण को अर्घ्य देना अत्यंत फलदायी है। मान्यता है कि सिर्फ तुलसी जी की 108 बार प्रदक्षिणा करने से घर की दरिद्रता भाग जाती है।
- 3. महाभारत में भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को इस दिन का महत्व प्रकट करते हुए कहा था कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने वाला मनुष्य समृद्ध, स्वस्थ्य और सभी प्रकार के दुखों से मुक्त हो जाता है।
- 4. इस दिन गंगा स्नान करने से पितृ भी संतुष्ट हो जाते हैं। पीपल के पेड़ में पितर और सभी देवों का वास होता है। इसलिए सोमवती अमावस्या के दिन जो दूध में पानी और काले तिल मिलाकर सुबह पीपल को चढ़ाते हैं। पीतल की 108 परिक्रमा करते हैं। उन्हें पितृदोष से मुक्ति मिल जाती है।



### 108 अंक का रहस्य

- 1. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार समस्त ब्रह्मांड को 12 भागों में बांटने पर आधारित है। इन 12 भागों को 'राशि' की संख्या दी गई है। हमारे शास्त्रों में प्रमुख रूप से 9 ग्रह (नवग्रह) माने जाते हैं। इस तरह 12 राशियों और 9 ग्रहों का गुणनफल 108 आता है। यह संख्या संपूर्ण विश्व का प्रतिनिधित्व करने वाली सिद्ध हुई है।
- 2. 1 वर्ष में सूर्य 21,600 (2 लाख 12 हजार) कलाएं बदलता है। चूंकि सूर्य हर 6 महीने में उत्तरायण और दक्षिणायन रहता है, तो इस प्रकार 6 महीने में सूर्य की कुल कलाएं 1,08,000 (1 लाख 8 हजार) होती हैं। अंतिम 3 शून्य हटाने पर 108 अंकों की संख्या मिलती है इसलिए माला जप में 108 दाने सूर्य की 1-1 कलाओं के प्रतीक हैं।
- 3. 108 अंक की धारणा भारतीय ऋषियों की कुल 27 नक्षत्रों की खोज पर आधारित है। चूंकि प्रत्येक नक्षत्र के 4 चरण होते हैं अत: इनके गुणफल की संख्या 108 आती है, जो परम पवित्र मानी जाती है। इसमें श्री लगाकर 'श्री 108' हिन्दू धर्म में धर्माचार्यों, जगद्गुरुओं के नाम के आगे लगाना अति सम्मान प्रदान करने का सूचक माना जाता है।
- 4. हमारी सांसों की संख्या के आधार पर 108 दानों की माला स्वीकृत की गई है। 24 घंटों में एक व्यक्ति 21,600 बार सांस लेता है। चूंकि 12 घंटे दिनचर्या में निकल जाते हैं, तो शेष 12 घंटे देव-आराधना के लिए बचते हैं अर्थात 10,800 सांसों का उपयोग अपने ईष्टदेव को स्मरण करने में व्यतीत करना चाहिए, लेकिन इतना समय देना हर किसी के लिए संभव नहीं होता इसलिए इस संख्या में से अंतिम 2 शून्य हटाकर शेष 108 सांस में ही प्रभु-स्मरण की मान्यता प्रदान की गई।
- 5. माला में इसीलिए 108 मणियां या मनके होते हैं। उपनिषदों की संख्या भी 108 ही है। शिवांगों की संख्या 108 होती है। ब्रह्म के 9 व आदित्य के 12 इस प्रकार इनका गुणन 108 होता है। ऋग्वेद में ऋचाओं की संख्या 10 हजार 800 है। 2 शून्य हटाने पर 108 होती है। शांडिल्य विद्यानुसार यज्ञ वेदी में 10 हजार 800 ईंटों की आवश्यकता मानी गई है। 2 शून्य कम कर यही संख्या शेष रहती है। जैन मतानुसार भी अक्ष माला में 108 दाने रखने का विधान है। यह विधान गुणों पर आधारित है। अर्हन्त के 12, सिद्ध के 8, आचार्य के 36, उपाध्याय के 25 व साधु के 27 इस प्रकार पंच परमिष्ठ के कुल 108 गुण होते हैं।
- 6. गौड़ीय वैष्णव धर्म की बात करें तो वृंदावन में भी 108 गोपियों का ही जिक्र है। श्रीवैष्णव धर्म में भगवान विष्णु के 108 दिव्य क्षेत्रों को बताया गया है। इन्हे "108 दिव्यदेशम" कहा जाता है। पुराणों में 108 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख मिलता है। देवी के शक्तिपीठ भी 108 बताए गए हैं। समुद्र मंथन के दौरान 54 देव और 54 राक्षस, कुल 108 लोग ही शामिल थे। इस तरह 108 अंक का बहुत महत्व है।

# 30 साल बाद दुर्लभ संयोग

## 3 शुभ पर्वों का हो रहा है महामिलन

### शनि जयंती, वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या एक साथ

**ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि यानी कि 30 मई 2022 सोमवार को शनि जयंती, सोमवती अमावस्या व वट सावित्री व्रत तीनों एक ही दिन पड़ रहे हैं। ये तीनों 30 मई सोमवार को है।**




ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि यानी कि 30 मई 2022 सोमवार को शनि जयंती, सोमवती अमावस्या व वट सावित्री व्रत तीनों एक ही दिन पड़ रहे हैं। ये तीनों 30 मई सोमवार को है। शनि दोष से मुक्ति और धन समृद्धि प्राप्त करने लिए यह खास दिन है।

- 1. इस दिन शनिदेव का जन्म हुआ था। इस दिन उनकी पूजा करने और छाया दान करने तथा शनि का दान करने से शनि की कुंडली से शनि दोष, महादशा, ढैया और साढ़ेसाती की पीड़ा से मुक्ति मिल जाती है।
- 2. वट सावित्री के दिन बरगद की पूजा का महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए व्रत रखकर बरगद की पूजा करती हैं। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग में वट सावित्री की पूजा होगी।
- 3. सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव के साथ ही चंद्रदेव की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। तब से यह मान्यता है कि सोमवती अमावस्या को पीपल के वृक्ष की पूजा करने से सुहाग की उम्र लंबी होती है। ऐसा माना गया है कि पीपल के मूल में भगवान विष्णु, तने में शिवजी तथा अग्रभाग में ब्रह्माजी का निवास होता है। अत: इस दिन पीपल के पूजन से सौभाग्य की वृद्धि होती है। शिव-पार्वती और तुलसीजी का पूजन कर सोमवती अमावस्या का लाभ उठा सकते हैं। सोमवती अमावस्या के दिन की पितरों को जल देने से उन्हें तृप्ति मिलती है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर तीर्थस्थलों पर पिंडदान करने का विशेष महत्व है।

# शनि जयंती पर कर लें ये उपाय, खुल जाएंगे भाग्य

ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि यानी कि 30 मई 2022 सोमवार को शनि जयंती, सोमवती अमावस्या और वट सावित्री व्रत तीनों एक ही दिन पड़ रहे हैं। शनि दोष से मुक्ति और धन-समृद्धि प्राप्त करने लिए यह खास दिन है।




- **1. छायादान करें :** इस दिन शनिदेव का जन्म हुआ था। इस दिन उनकी पूजा करने और छायादान करने तथा शनि का दान करने से शनि की कुंडली से शनि दोष, महादशा, ढैया और साढ़ेसाती की पीड़ा से मुक्ति मिल जाती है।
- **2. बरगद की पूजा :** वट सावित्री के दिन बरगद की पूजा का महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए व्रत रखकर बरगद की पूजा करती हैं। इस बार सर्वार्थसिद्धि योग में वट सावित्री की पूजा होगी।
- **3. पीपल की पूजा :** सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव के साथ ही चंद्रदेव की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। तब से यह मान्यता है कि सोमवती अमावस्या को पीपल के वृक्ष की पूजा करने से सुहाग की उम्र लंबी होती है। ऐसा माना गया है कि पीपल के मूल में भगवान विष्णु, तने में शिवजी तथा अग्रभाग में ब्रह्माजी का निवास होता है। अत: इस दिन पीपल के पूजन से सौभाग्य की वृद्धि होती है। शिव-पार्वती और तुलसीजी का पूजन कर सोमवती अमावस्या का लाभ उठा सकते हैं।
- 4. पितृ तर्पण : सोमवती अमावस्या के दिन की पितरों को तिल और जल देने से उन्हें तृप्ति मिलती है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर तीर्थस्थलों पर पिंडदान करने का विशेष महत्व है।

# सोमवती अमावस्या पर पितरों को प्रसन्न करने के लिए जलाएं दीपक, आएगी खुशहाली



सोमवती अमावस्या के दिन पितरों को खुश करने के लिए कई कार्य किए जाते है, ऐसा करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और यदि पितृ नारा ? होते है तो बनते हुए काम भी बिगड़ जाते हैं। सोमवार को कच्चे दूध, दही, शहद, मिलाकर शिवजी का अभिषेक किया जाता है और चौमुखी दीपक लगाया जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन जगहों पर दीपक लगाने से पितृ दोष दूर होता है।

### पीपल के पेड़ में दीपक

सोमवती अमावस्या पर पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएं और शाम के समय में दीपक जलाकर पीपल के नीचे बैठकर पितृ सूक्त का पाठ करें, इससे पितृ प्रसन्न होते हैं और दरिद्रता का नाश होता है।

### हनुमानजी के सामने दीपक

सोमवती अमावस्या पर हनुमानजी के सामने दीपक जलाएं और सुंदर कांड हनुमान चालीसा का पाठ करें, ऐसा करने से शक्ति मिलती है, शनि दोष से मुक्ति मिलती है और शत्रुओं का नाश होता है। सोमवती अमावस्या पर सूर्यास्त के बाद नदी में आटे से बने दीपक को प्रवाहित करें, कहते हैं इस दिन पितृ धरती पर आते हैं और सूर्यास्त के वक्त वापस लौटते हैं, उन्हें लौटते समय रास्ते में अँधेरा न हो इसके लिए पितरों के लिए दीप जलाए जाते हैं।

### ईशान कोण में दीपक

अमावस्या के दिन रात को घर के ईशान कोण यानी उत्तर और पूर्व दिशा के बीच में दीपक जलाने से पितरों और महालक्ष्मी दोनों की कृपा मिलती है, साथ ही धन की समस्या हल हो जाती है।

### केसर युक्त दीपक

अमावस्या की शाम को लाल रंग के धागे के इस्तेमाल से केसर डालकर घी का दीपक जलाएं और श्री सूक्त का पाठ करें, ऐसा करने से लक्ष्मी जी घर में आती है और सुख समृद्धि होती है।

### सोमवती अमावस्या के दिन दुर्लभ योग

सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहते हैं। इस बार 30 मई 2022 सोमवार को ज्येष्ठ की अमावस्या है। इसी दिन शनिदेवजी का जन्म हुआ था और इस बार इसी दिन वट सावित्री का व्रत भी रखा जाएगा। इसी दिन सर्वार्थसिद्धि और सुकर्मा योग भी बन रहा है। पूरे 30 साल बात ऐसा योग बन रहा है। ऐसे में पितृदोष से मुक्ति के लिए कर लें मात्र 3 उपाय।

- 1. पितृ तर्पण और पिंडदान : सोमवती अमावस्या के दिन की पितरों को जल देने से उन्हें तृप्ति मिलती है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर तीर्थस्थलों पर पिंडदान करने का विशेष महत्व है।
- 2. दान : इस दिन शनि और चंद्र का दान करें। इससे भी पितृदोष से लाभ मिलेगा। चंद्र का दान करने से जहां चंद्रदोष दूर होंगे वहीं शनि का दान करसे शनि दोष भी दूर होंगे।
- 3. नदी स्नान : इस दिन गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करें और हनुमान, शनिदेव, विष्णु, चंद्रदेव और शिवजी की पूजा के साथ ही माता पार्वती की पूजा भी करें। नदी स्नान नहीं कर पा रहे हैं तो घर के जल में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान करें।

# अखंड सौभाग्य का वरदान देता है वट वृक्ष

हिन्दू धर्म संस्कृति में वट सावित्री अमावस्या एवं पूर्णिमा का व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक बन चुका है। वट पूजा से जुड़े धार्मिक, वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलू में वट और सावित्री दोनों का विशिष्ट महत्व माना गया है।

अमावस्या और पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला यह व्रत सौभाग्य और संतान प्राप्ति में सहायता देने वाला माना गया है। आइए जानते हैं सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने वाले वट वृक्ष की विशेषताएं -

1. पुराणों में यह स्पष्ट किया गया है कि वट में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है।

2. प्राचीनकाल में मानव ईंधन और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लकड़ियों पर निर्भर रहता था, किंतु बारिश का मौसम पे ?-पौधों के फलने-फूलने के लिए सबसे अच्छा समय होता है। साथ ही अनेक प्रकार के जहरीले जीव-जंतु भी जंगल में घूमते हैं। इसलिए मानव जीवन की रक्षा और वर्षाकाल में वृक्षों को कटाई से बचाने के लिए ऐसे व्रत विधान धर्म के साथ जोड़े गए, ताकि वृक्ष भी फलें-फूलें और उनसे जुड़ी जरूरतों की अधिक समय तक पूर्ति होती रहे।

3. वट वृक्ष ज्ञान व निर्माण का प्रतीक है।

4. भगवान बुद्ध को इसी वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था।

5. वट एक विशाल वृक्ष होता है, जो पर्यावरण की दृष्टि से एक प्रमुख वृक्ष है, क्योंकि इस वृक्ष पर अनेक जीवों और पक्षियों का जीवन निर्भर रहता है।

6. इसकी हवा को शुद्ध करने और मानव की आवश्यकताओं की पूर्ति में भी भूमिका होती है।

7. दार्शनिक दृष्टि से देखें तो वट वृक्ष दीर्घायु व अमरत्व के बोध के नाते भी स्वीकार किया जाता है।

8. वट सावित्री में स्त्रियों द्वारा वट यानी बरगद की पूजा की जाती है।

9. इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा आदि सुनने से मनोकामना पूरी होती है।

10. वट वृक्ष का पूजन और सावित्री-सत्यवान की कथा का स्मरण करने के विधान के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ।



11. धार्मिक मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संताप मिटाने वाली होती है।

12. वट पूजा से जुड़े धार्मिक, वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलू हैं। यह एक बहुवर्षीय विशाल वृक्ष है, जिसे बरगद, वट और बड़ भी कहते हैं। इस व्रत के व्यावहारिक और वैज्ञानिक पहलू पर गौर करें तो इस व्रत की सार्थकता दिखाई देती है। आज भी यह व्रत परंपरा के अनुसार मनाया जाता है।

# मृत व्यक्ति के गहने पहनने चाहिए या नहीं ?

## मरने वाले से जुड़ी 4 चीजों का भूलकर भी न करें इस्तेमाल


कई बार जाने-अनजाने में लोग ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनकी छोटे-छोटे कामों में काफी अड़चनें आनी शुरू हो जाती हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि ऐसा हो क्यों रहा है। लाख कोशिशों के बाद भी सफलता नहीं मिलती। दरअसल, इस तरह की अड़चन पितर दोष के कारण आती है। कई बार मृत व्यक्ति की कुछ चीजों को धारण कर लेने से भी ऐसी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिषाचार्य संतोष कुमार चौबे (रांची यूनिवर्सिटी से ज्योतिष शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट व पंचवटी प्लाजा स्थित अग्रवाल रत्न में फिलहाल ज्योतिष परामर्श) ने बताया कि गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत व्यक्ति की कुछ चीजों को घर के सदस्य द्वारा धारण नहीं करना चाहिए। कोशिश करना चाहिए कि उस चीज को जल्द से जल्द घर से बाहर निकाल नदी में प्रवाहित कर दें या जला दें।

**इन चीजों को न करें धारण-** ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि मृत व्यक्ति की कुछ चीजों को बिल्कुल धारण नहीं करना चाहिए। इनमें सबसे पहला मृत व्यक्ति के पहने कपड़े हैं। मरे हुए व्यक्ति के जो भी कपड़े हैं, उसे या तो जला दें या घर से बाहर निकाल दें। इसके अलावा उसके द्वारा पहने गए जूते, घड़ी या किसी तरह की एसेसरीज का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सबसे खास बात मृत व्यक्ति महिला या पुरुष के आभूषण चाहे वह सोने के ही क्यों न हों, उनका इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, उस बेडशीट का भी यूज नहीं करना चाहिए जो व्यक्ति अपने जीवित रहते प्रयोग करता था।

**इसलिए न करें इस्तेमाल-** ज्योतिषाचार्य ने आगे बताया कि गरुण पुराण के अनुसार, इन सब चीजों में मरे हुए व्यक्ति का मोह समाया हुआ रहता है और आप जब इन सब चीजों को धारण करते हैं तो उस व्यक्ति की आत्मा आपसे संपर्क करने की या फिर आपके आसपास आने की कोशिश करने लगती है। इससे आपके जीवन में नकारात्मक का प्रवेश होता है और आपके छोटे-मोटे काम भी रुकना शुरू हो जाते हैं। लाख कोशिशों के बावजूद अड़चन आने लगती है।

### आभूषण को ऐसे करें इस्तेमाल

संतोष कुमार बताते हैं कि अगर किसी मृत व्यक्ति के सोने का आभूषण है और वह कीमती है। साथ ही आप उसे इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले उसे गलवा दें और नया रूप दे दें। यानी अगर वह सोने की चेन है तो आप उसे कंगन में तब्दील करा सकते हैं। इसे काफी हद तक प्रेत आत्मा का मोह कम होगा। वहीं, बाकी जो चीज है वह 24 घंटे के अंदर ही घर से बाहर निकाल दें या नदी में प्रवाहित कर दें।



# 13 साल की उम्र में जाह्नवी हुई थीं सेक्सुअलाइज्ड

**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर सुर्खियों में हैं। जाह्नवी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में धर्मा प्रोडक्शन के यूट्यूब चैनल पर जाह्नवी कपूर के साथ राजकुमार राव और डायरेक्टर करण जौहर का एक इंटरव्यू सामने आया है। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर ने बहुत कम उम्र में 'सेक्सुअलाइज़्ड' होने के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने करण जौहर संग बात करते हुए बताया कि जब वो महज 12-13 साल की थी तब सेक्शुअलाइज्ड हुई थीं। जाह्नवी कपूर ने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये एक ऐसा पहलू है जिस पर मैं लंबे समय से ध्यान दे रही हूं।

मुझे लगता है कि जब मैं 12-13 साल की थी तब पहली बार मुझे मीडिया द्वारा सेक्सुअलाइज महसूस हुआ था। मैं मां-पापा के साथ एक कार्यक्रम में गई थी जिसके बाद मीडिया में मेरी फोटोज थीं और सोशल मीडिया तो बस शुरू ही हुआ था। इसके बाद मुझे वो तस्वीरें पोर्न साइड पर मिलीं, और मेरे स्कूल के लड़के इसे देखकर हंस रहे थे। जाह्नवी ने कहा, नेविगेट करना बहुत अजीब चीज है और मैं काफी लंबे समय से इसे नेविगेट कर रही हूं। मुझे लगता है कि मैं जहां से आई हूं उसके लिए मैं बहुत क्षमाप्रार्थी हूं और मुझे इससे उबरने की जरूरत है। मुझे यकीन है कि और लोग इससे कहीं अधिक अलग अर्थों में निपटेंगे। उन्होंने कहा, मैं अब भी सोचती हूं कि जिस तरह से मैं इसे समझा रही हूं और इसके बारे में मेरे अनुभव बहुत सौभाग्यशाली हैं। लेकिन यह जटिल था.. एक तरह का चरित्र हनन होता है जिसका सामना एक लड़की को तब करना पड़ता है जब वह ऐसे कपड़े पहनती है जिससे ऐसा लगता है कि वह अपनी कामुकता के साथ सहज है।



# अर्जुन रामपाल की हुई हाउसफुल 5 में एंट्री

**सा**जिद नाडियाडवाला की सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'हाउसफुल' की सभी फिल्मों ने दर्शकों का जबरदस्त मनोरंजन किया है। फैंस लंबे समय से 'हाउसफुल 5' का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर एक के बाद एक अपडेट सामने आ रहे हैं। बीते दिनों इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई थी। वहीं अब एक और एक्टर की 'हाउसफुल 5' में एंट्री की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अर्जुन रामपाल भी इस फिल्म में नजर आएंगे।

वह 14 साल बाद 'हाउसफल' फ्रेंचाइजी में वापसी करने जा रहे हैं। इससे पहले अर्जुन रामपाल 'हाउसफुल' में मेजर कृष्णा राव के किरदार में दिखे थे। अर्जुन रामपाल फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगे। इस बार उनका किरदार गंभीर होने के साथ-साथ मजेदार भी होने वाला है। यह फिल्म इसी साल अगस्त से फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। फिल्म को अगले साल 2025 में रिलीज करने की प्लानिंग है।

# साउथ सिनेमा में बॉलीवुड एक्टर्स की अहमियत पर बोले अरबाज खान


**हिं**दी सिनेमा से कई कलाकार लगातार दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम कर रहे हैं। हालांकि दक्षिण भारतीय फिल्मों का रुख कर रहे अधिकांश कलाकारों को मुख्यत: ग्रे पात्र के ही प्रस्ताव मिलते हैं। हालिया उदाहरण संजय दत्त, बाबी देओल, सैफ अली खान और इमरान हाशमी हैं। ये सभी ग्रे शेड पात्र निभा रहे हैं। अभिनेता अरबाज खान भी दक्षिण भारतीय फिल्म कर रहे हैं। वह भी नकारात्मक भूमिका में होंगे। इस मामले पर अरबाज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।



साउथ में बॉलीवुड कलाकारों को नकारात्मक भूमिकाओं में कास्ट करने को लेकर अभिनेता व निर्देशक अरबाज खान कहते हैं, 'मैं अधिक नहीं बोल सकता पर आमतौर पर जो उत्तर भारत से कलाकार होते हैं, जो मैंने अभी तक देखा है वो मुख्य रूप से कैरेक्टर आर्टिस्ट या नकारात्मक पात्रों में होते हैं। मुझे नहीं पता कि क्या उन्होंने वहां पर कभी उत्तर भारत के कलाकार के साथ मुख्यधारा की फिल्में की हैं। हमने भले ही दक्षिण भारतीय सिनेमा के कलाकार वेंकटेश, कमल हासन, रजनीकांत, चिरंजीवी, नागार्जुन के साथ लीड रोल में कितनी फिल्में बनाई हैं, लेकिन हमारे नायक वहां मुख्य भूमिका में नहीं दिखे हैं। हमारी अभिनेत्रियों को वहां पर लीड कास्ट किया गया है। उनकी अभिनेत्रियां भी हमारे यहां लीड होती हैं। उसकी वजह क्या है मुझे नहीं पता। मुझे लगता है कि यह बदलाव भी कभी न कभी होगा।'

# शाहरुख ने की लोगों से वोट देने की अपील

**दे**श में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग 20 मई को होने वाली है। वहीं लोगों को वोटिंग करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। वहीं अब शाहरुख ने भी लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मुंबई की छह और महाराष्ट्र की सात अन्य सीट पर आज आम चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। शाहरुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में अपने प्रशंसकों और समर्थकों से भारतीय होने के नाते कर्तव्य निभाने की अपील की। शाहरुख खान ने लिखा, जिम्मेदार भारतीय नागरिक होने के नाते हमें आज महाराष्ट्र में मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। आइए हम भारतीय होने के नाते अपना कर्तव्य निभाएं और अपने देश के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। आगे बढ़ें और अपने मतदान के अधिकार को बढ़ावा दें। इससे पहले अभिनेता सलमान खान ने भी देश के लोगों से वोट डालने की अपील की थी। सलमान ने लिखा, चाहे कुछ भी हो, मैं साल के 365 दिन व्यायाम करता हूं और अब चाहे कुछ भी हो मैं 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहा हूं। इसलिए जो करना चाहते हैं करें, लेकिन वोट देने जाएं और अपनी भारत माता को परेशान ना करें..भारत माता की जय।



# बॉलीवुड से संन्यास लेंगी कंगना रनौत?

**बॉ**लीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ रही हैं। अभिनेत्री ने फिल्मों में काम करने के बाद अब राजनीति का रुख कर लिया है। बड़े ही जोर-शोर के साथ वह चुनाव प्रचार में लगी हैं। अभिनेत्री अपने बयानों के चलते लगातार सुर्खियों में भी बनी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जब उनसे पूछा गया क्या वह चुनाव जीतने के बाद बॉलीवुड छोड़ देंगी? इस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया, 'हां।' बता दें कि अभिनेत्री के द्वारा किया गया यह एक बड़ा दावा है।

एक बातचीत के दौरान अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि बॉलीवुड एक गलत धारणा पैदा करता है। उन्होंने इस दौरान बॉलीवुड को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कंगना ने कहा, 'फिल्मी दुनिया झूठी है, वहां पर सब कुछ फर्जी है। वह एक अलग तरह का माहौल पैदा करते हैं। यह एक नकली बुलबुले की तरह चमकदार दुनिया है और यही इसकी सच्चाई है।' कंगना ने बातचीत के दौरान कहा कि अगर वह बॉलीवुड छोड़ती हैं तो बहुत सारे लोगों का दिल टूट जाएगा। अभिनेत्री ने कहा कि बहुत सारे निर्देशक हैं जो उनके इस विचार से परेशान हैं, वह नहीं चाहते की अभिनेत्री बॉलीवुड छोड़ दें। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत सारे निर्देशक कहते हैं कि हमारे पास अच्छी अभिनेत्री है, प्लीज मत जाओ। मैं अच्छा अभिनय करती हूं।' इससे पहले कंगना रनौत ने एक साक्षात्कार में अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बात की थी और कहा था कि वह उन परियोजनाओं को पूरा करना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा था, 'मेरे पास कई फिल्में हैं, जिसमें 'इमरजेंसी', 'सीताः द इनकारनेशन', 'नटी बिनोदिनी' जो एक बायोपिक है, और माधवन के साथ एक थ्रिलर शामिल है। मैं इन परियोजनाओं को पूरा करना चाहती हूं।'



# फैन के सवाल का फातिमा सना शेख ने दिया मजेदार जवाब



**फा**तिमा सना शेख कई फिल्मों में अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। अभिनय के अलावा वे सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। वे अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के सवालों का बेबाकी से जवाब देती नजर आती हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने फैंस के लिए आस्क-मी-एनीथिंग (एएमए) सत्र का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कई सवालों के खुलकर जवाब दिए। इस सेशन के दौरान उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट मेट्रो इन दिनों और उल जलूल के पर्दे के पीछे की तस्वीरें साझा कर फैंस को बड़ी सौगात दे डाली।




अभिनेत्री की ओर से आयोजित किया गया यह सत्र काफी ज्यादा मनोरंजक सवालों से भरपूर रहा। अभिनेत्री ने इन सवालों के बखूबी जवाब भी दिया। अपने पसंदीदा एनीमे चरित्र पर चर्चा करने से लेकर अपनी यात्रा को एक शब्द में संक्षेप में बताने तक, उन्होंने लोगों से अपने संवाद को हल्का-फुल्का और मजेदार बनाए रखा। एक यूजर ने उनसे सवाल किया कि क्या आपके टूथपेस्ट में नमक है? जिस पर अभिनेत्री के जवाब ने फैंस को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया। अभिनेत्री ने जवाब में कहा, "नमक, कांदा और टमाटर सब है।" वर्क फ्रंट की बात करें तो फातिमा को बड़े पर्दे पर आखिरी बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म सैम बहादुर में देखा गया था। इस फिल्म में वे इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आई थीं।

# ठगी का शिकार होने से बचीं सोनी राजदान

**सि**र्फ आम आदमी ही नहीं कई सेलेब्स भी ऑनलाइन ठगी का शिकार होते रहते हैं। वहीं अब आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान भी ऑनलाइन स्कैम की चपेट में आने से बची हैं। सोनी राजदान ने एक पोस्ट शेयर करके बताया कि उन्हें ड्रग्स का हवाला देकर उनसे ठगी करने की कोशिश की गई। सोनी राजदान ने लिखा, हमारे आसपास एक बहुत बड़ा घोटाला चल रहा है। किसी ने मुझे फोन किया और कहा कि वो दिल्ली कस्टम्स से बोल रहा है। उसने मुझे बताया कि मैंने ड्रग्स का ऑर्डर दिया था। उसने मुझे यह भी बताया कि वो पुलिस से जुड़ा हुआ है। उन्होंने लिखा, उसने मुझसे आधार कार्ड नंबर मांगा। जैसे मुझे कॉल आया, वैसे ही मेरे कुछ जानने वाले लोगों को भी कॉल आया है। ये लोग आपको फोन करते हैं और डराते हैं, धमकाते हैं। इस तरह की बातें करके आपसे बहुत सारे पैसे लेने की कोशिश करते हैं। लेकिन आप लोगों को उनकी बातों मं नहीं फंसना चाहिए।

सोनी राजदान ने लिखा, मेरा कोई जानकार, इनकी बातों में फंस गया और उसने मोटा पैसा ट्रांसफर कर दिया। वह अब परेशान है। किसी के साथ ये सब न हो। इसलिए ये पोस्ट कर रही हूं क्योंकि कोई भी ऐसी चीजों से डर सकता है। लेकिन खुशकिस्मती से जब उन्होंने मेरा आधार नंबर मांगा तो मैंने उनसे कहा कि मैं थोड़ी देर में देती हूं। जाहिर सी बात है कि उन्होंने दोबारा कॉल नहीं की। लेकिन ये डरावना है। अगर आपको ऐसे किसी नंबर से कॉल आता है तो फौरन पुलिस के पास जाइए। मैं ऐसे तीन लोगों को जानती हूं, जिनके पास ऐसी कॉल्स आई हैं। उन्होंने लिखा, जब आपके पास इस तरह की कॉल आती है तो कंफ्यूज होना बहुत आसान होता है और आप सोचते हैं कि यह रियल कॉल है। मेरा विश्वास करिए, मैंने भी लगभग यही सोचा था। जब मैंने किसी से बात की तो उन्होंने मुझसे कहा कि यह एक घोटाला है और इसे इग्नोर करें। लेकिन ऐसा लगता है कि चीजें और खराब होती जा रही हैं और सच कहूं तो ये सोचना कि आप किसी परेशानी में हैं, बिलकुल दिक्कत नहीं होगी। भले ही इसमें आपकी गलती न हो...। और यह एक अपराध है, इसलिए सावधान रहें।



# सलमान को लेकर संजय लीला भंसाली ने तोड़ी चुप्पी





**वे**ब सीरीज़ हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार बनाने वाले संजय लीला भंसाली ने अपने और सलमान खान के रिश्ते पर बात की है। संजय लीला भंसाली ने सलमान को अपना अच्छा दोस्त बताया है। उन्होंने कहा है कि एक एक्टर जिनसे हमेशा उनकी दोस्ती बनी रही है वो, सलमान खान ही हैं। सलमान के साथ संजय लीला भंसाली ने खामोशी, हम दिल दे चुके सनम और सावरिया जैसी फिल्मों में काम किया है। कुछ वक्त पहले सलमान खान और संजय लीला भंसाली साथ में फिल्म इंशा अल्लाह बनाने वाले थे। हालांकि ये फिल्म बन नहीं पाई। सलमान और संजय के बीच कुछ मतभेदों के कारण फिल्म बंद हो गई। इसमें आलिया भट्ट को भी लिया गया था। फिल्म भले ही बंद हो गई, लेकिन सलमान और संजय लीला के रिश्ते पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

ये बात खुद संजय लीला भंसाली ने बताई है। सलमान तो हीरामंडी की स्क्रीनिंग में भी शामिल हुए थे। संजय लीला भंसाली ने कहा कि उनके साथ जो भी एक्टर्स काम करते हैं वो उनसे प्यार करते हैं, लेकिन एक स्टार है जो हमेशा उनका हाल चाल लेता रहता है वो है सलमान खान। उन्होंने कहा, "एकलौते शख्स, जिनके साथ मैं अब भी दोस्ताना रिश्ते रखता हूं वो सलमान खान हैं। भले ही इंशा अल्लाह नहीं बन पाई, वो मेरे साथ खड़े रहे। वो मुझे कॉल करेंगे, वो मेरा खयाल रखेंगे। क्या आप ठीक हैं? क्या आपको कुछ (चाहिए) आपने गड़बड़ कर दी। मैं उनका मजाकिया अंदाज़ बहुत एंजॉय करता हूं। तीन महीने में एक बार, पांच महीने में एक बार आता है (फोन कॉल)। पर वो करते हैं (फोन), क्योंकि उन्हें मेरी फिल्मों की परवाह नहीं, मेरी परवाह है। 'आप, भाई, आपने मेरे साथ बहुत सी फिल्में की हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता है। क्या आप ठीक हैं? ये रिश्ता ऐसा ही है।" संजय लीला भंसाली ने कहा कि काम को लेकर हमारे बीच भले ही बहुस हुई हो, हो सकता है हमारी बातें सही न हों और सारी चीजें सही से नहीं हो पाई हों, लेकिन एक महीने के बाद उन्होंने मुझे फोन किया और मैंने उन्हें फोन किया और हमने बात की। तो ये दोस्ती है। इसलिए मैं खुद को खुशकिस्मत समझता हूं कि मेरे पास ऐसा दोस्त है जो छह महीने में एक बार मुझसे बात ज़रूर करता है और वहीं से शुरू करता है, जहां से हमने छोड़ा था।

# अक्टूबर से शुरू होगा नोएडा एयरपोर्ट, कार्य अंतिम चरण में

## यूपी के एक और औद्योगिक शहर को जोड़ने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से खुर्जा की रोड कनेक्टिविटी के लिए व्यावहारिकता



रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। इसके तैयार होने के बाद रोड कनेक्टिविटी के लिए जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। एयरपोर्ट से खुर्जा की सीधे कनेक्टिविटी होने पर यात्री व सामान की आवाजाही आसान हो जाएगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में है। एयरपोर्ट पर उपकरणों को लगाने एवं उनकी जांच का काम चल रहा है। जून से ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। एयरपोर्ट पर अक्टूबर से यात्री सेवाओं की शुरुआत हो जाएगी।

एयरपोर्ट के शुरू होने पर पहले कनेक्टिविटी के विकल्पों पर तेजी से काम हो रहा है। खुर्जा से एयरपोर्ट को सीधे सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। यह सड़क तकरीबन तीस किमी लंबी होने की उम्मीद है। इससे नोएडा एयरपोर्ट की कई जिलों से सीधे कनेक्टिविटी हो जाएगी। औद्योगिक शहर खुर्जा में तैयार उत्पाद की सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच आसान हो जाएगी। प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि खुर्जा से एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने सितंबर 2021 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. व यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान खुर्जा से कनेक्टिविटी के लिए संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए थे।

नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए भी 31 किमी लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से शुरू होकर बल्लभगढ़ में समाप्त होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसका निर्माण कर रहा है। जून तक यह एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो जाएगा। प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल की यमुना एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए तीस मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य भी एनएचएआई को सौंप दिया है।

# हाजीपुर में अवैध रूप से खड़े हैं कई भवन, बिना नक्शा के खड़ा कर दिया 6 मंजिला भवन

## प्राधिकरण ने जारी किया नोटिस, फायर की एनओसी भी नहीं ली

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-104 स्थित हाजीपुर मेन रोड पर कई भवन अवैध बने हुए हैं।



प्राधिकरण के नोटिस के बाद भी लोग बेखौफहोकर भवनों का अवैध निर्माण कर रहे हैं। इसी कड़ी में खसरा नं.0 288 पर बनाया गया 6 मंजिला भवन भी बिना नक्शा के खड़ा कर दिया। इसी भवन में चौथी मंजिल में मून होटल एवं बैंक्वेट हाल में लगी आग में एक युवती की मौत हो गई तथा युवक झुलस गया था।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह भवन प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत किए बिना बनाया गया है। प्राधिकरण ने भवन मालिक को नोटिस जारी कर दिया है।

इसी तरह यहीं पर एक और भवन अवैध रूप से बन रहा है। प्राधिकरण ने भवन को सील कर नोटिस भी दे दिया है। लेकिन फिर भी अवैध रूप से निर्माण चल रहा है। 4 दिन पूर्व नोएडा प्राधिकरण की टीम ने वहां तोड़फोड़ भी की लेकिन अभी भी मकान का निर्माण चल रहा बताया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि खसरा नं0 288 पर बने भवन तथा होटल पर अग्निशमन विभाग से एनओसी भी नहीं जारी की गई थी। होटल प्रबंधन की लापरवाही से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि हाजीपुर में बने अवैध निर्माण पर कड़ी कार्यवाही की जाए तथा अवैध भवनों को तोड़ा जाए।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत रोहित गुप्ता पुत्र नंदू गुप्ता उम्र करीब (28 वर्ष) निवासी विशाल मंदिर के सामने सूरज विहार कॉलोनी ग्राम गढ़ी दादरी द्वारा शोभाराम इंटर कॉलेज के पीछे वाले गेट पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर थाना दादरी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी। एफएसएल टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। मृतक के परिजन मौके पर मौजूद थे। अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नाले में मिला शव

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत एक अज्ञात पुरुष उम्र लगभग (45 वर्ष) का शव ईस्टर्न पेरीफेरल व दादरी बाईपास के बीच बडपुरा नाला में मिला। उक्त सूचना पर थाना दादरी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरकर वैधानिक कार्रवाई की गयी। फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। मृतक के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।

# यशोदा सुपरस्पेशलिटी हास्पीटल की नई पहल

## मैग्नेटिक नियंत्रित कैप्सूल एंडोस्कोपी परियोजना को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मान्यता

गाजियाबाद/नोएडा। कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी



हॉस्पिटल, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. कुणाल दास ने एक अभिनव परियोजना प्रस्तुत की, जिसे "AI सक्षम मैग्नेटिक नियंत्रित कैप्सूल एंडोस्कोपी कम अल्ट्रासाउंड द्वारा GI रोगों और GI कैंसर का पता लगाने के रूप में जाना जाता है। जिसे विश्वभर से चुनी गई 10 परियोजनाओं में से एक के रूप में 4थी लिंडाउ साइथॉन में स्वीकार किया गया है।

यह परियोजना, यदि स्वीकृत होती है, तो 73वीं नोबेल 2024 लॉरिएट मीटिंग में लिंडाउ, जर्मनी में (30 जून से 5 जुलाई, 2024) नोबेल लॉरिएट्स की टीम के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य,द्ध के साथ भविष्य की कैप्सूल एंडोस्कोपी विकसित करना है जिसमें अल्ट्रासाउंड क्षमताएं होंगी, जो ऱ्द्ध रोगों और ऱ्द्ध कैंसरों जैसे पेट के कैंसर, भोजन नली के कैंसर आदि का निदान कर सकें। इसके अलावा, इसकी अल्ट्रासाउंड क्षमताओं का उपयोग करके यह तय किया जा सकेगा कि कैंसर के किस चरण में सर्जरी की आवश्यकता है या नहीं।

# 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे 10 लोग

**नोएडा (एजेंसी)।** सेक्टर-75 स्थित अपैक्स एथेना सोसायटी में शनिवार रात सवा 11 बजे बिजली गुल



होने पर सी टावर की सर्विस लिफ्ट में चार साल की बच्ची समेत दस लोग फंस गए। काफी देर तक लिफ्ट नहीं खुलने पर सांस लेने में दिक्कत होने के चलते बच्ची को दिक्कत हुई। 20 मिनट बाद छठे फ्लोर पर लिफ्ट को खोला गया।

22वें फ्लोर पर रहने वाले रामालिंगम ने बताया कि सवा 11 बजे बेसमेंट से परिवार के साथ अपने फ्लैट में जा रहे थे। बेसमेंट (माइनस वन) से सर्विस लिफ्ट ली थी। लिफ्ट के उनके परिवार के चार सदस्यों के अलावा पांच बड़े व एक बच्ची समेत दस लोग थे। छठे और सातवें फ्लोर के बीच जाकर लिफ्ट रूक गई। थोड़ी देर इंतजार करने के बाद भी लिफ्ट चालू नहीं हुई तो 11 बजकर 20 मिनट पर मेंटीनेस आफिस काफी कॉल करने पर स्टाफ ने कॉल रिसीव की लेकिन तेजी से मदद के लिए कोई नहीं आया। थोड़ी देर बाद एक स्टाफ आया, लेकिन वह सीधे 25वें मंजिल पर गया और लिफ्ट को डाउन कर उन तक पहुंचा। उसके बाद छठे फ्लोर पर लिफ्ट का मैनुअली गेट खोलकर सभी को बाहर निकाला गया।लिफ्ट में फंसे 23वें फ्लोर पर रहने वाले मनोज शुक्ला ने बताया कि लिफ्ट फंसने के साथ पंखा भी बंद हो गया था। थोड़ी देर बाद ही सभी को परेशानी होने लगी। मदद मांगने के साथ हाथ से हवा कर राहत पाने का प्रयास किया, लेकिन इसी बीच बच्ची को सांस लेने में समस्या होने लगी तो उसने रोना शुरू कर दिया। इससे बड़ों को भी दिक्कत महसूस हुई। गर्मी के कारण सभी लोग पसीनों में नहा गए। लिफ्ट के अंदर अंधेरा होने से भी ज्यादा घबराहट होने लगी। अंदर से दोनों गेटों को खोलने का प्रयास किया गया।

मनोज शुक्ला ने बताया कि घटना के दौरान सोसायटी में कोई तकनीशियन मौजूद नहीं था। इस कारण लिफ्ट को खोलने में भी देरी हुई। लिफ्ट के अंदर लगे वाकी टाकी ने भी काम नहीं किया।

लिफ्ट के इआरडी सिस्टम के काम नहीं करने से भी इस तरह की दिक्कत होती है। ओटिस कंपनी के लिफ्ट की देखरेख का जिम्मा कोन एलीवेटर इंडिया प्राइवेट कंपनी के पास है। कंपनी के पास सितंबर 2023 से 26 सितंबर 2024 तक देखरेख का ठेका है।

# आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, एसीपी को दिया ज्ञापन

## 'आप' से डरी व बौखलाई है भाजपा : राकेश अवाना

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी को समाप्त करने पर तुली है। इसीलिए साजिश रचकर झूठे आरोप लगाये जा रहे हैं। यह आरोप लगाये आम आदमी पार्टी के गौतमबुद्धनगर के जिला महासचिव राकेश अवाना ने। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आह्वान पर नोएडा में कार्यकर्ता इक्ठा होकर पार्टी कार्यालय सेक्टर-27 से जाने के तैयारी कर रहे थे तभी पुलिस नोएडा कार्यालय पर पहुँची तथा कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोका।



इस के बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय सरकार के ख़िलाफ़ एसीपी प्रवीण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इस मौक़े पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, ज़िला उपाध्यक्ष प्रशांत रावत, ज़िला उपाध्यक्ष मनोज यादव, ज़िला सचिव प्रवीण धीमन, विधान सभा अध्यक्ष नितिन प्रजापति, सुभाष राजपूत, सिकंदर ठाकुर, सुरेंद्र साहू, विकास, शिव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रों को सम्मानित करेगा पंजाबी एकता समिति





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पंजाबी एकता समिति (पंजी) की मासिक बैठक अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता के नेतृत्व में सेक्टर- 51 में वेडिंग विला बैंक्वेट में संपन्न हुई। बैठक में नोएडा पंजाबी एकता समिति में इस वर्ष अप्रैल 2024 से सम्मलित हुए नए सदस्यों को महासचिव नरेंद्र चोपड़ा के द्वारा नोएडा पंजाबी एकता समिति की सदस्यता दी गयी। उसके पश्चात अप्रैल 2024 में किये गए बैसाखी के कार्यक्रम का लेखा -जोखा कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता के द्वारा आगामी जून के माह में निर्जला एकादशी पर एक विशाल मीठे दूध के शरबत का वितरण करने की जानकारी देकर उस पर निर्णय लिया गया।

नोएडा पंजाबी एकता समिति ने सर्वसम्मति से नोएडा के एक स्कूल में प्रत्येक बच्चे को चार-चार कॉपी और एक-एक पेंसिल का पैकेट बांटने का निर्णय के साथ -साथ इस वर्ष केंद्रीय विद्यालय से 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा से 90 प्रतिशत या इससे ऊपर अंकों से उत्तीर्ण हुए बच्चों को सम्मानित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। जून माह में किये जाने वाले एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल छबील एवं ब्रेड पकोड़े के वितरण के कार्यक्रम के आयोजन के लिए उपाध्यक्ष श्री नवीन सोनी जी को प्रभारी नियुक्त किया गया है।